इंदौर, बुधवार 15 अप्रैल 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 144
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com



राष्ट्रपिता को नमन...

## रिजल्ट नहीं, जिंदगी सबसे बड़ा इम्तिहान है

**अक्षय की बात**
**अपनों के साथ**



आज मध्यप्रदेश में बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित हो गए हैं। यह दिन लाखों छात्रों और उनके परिवारों के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है। कई चेहरे खुशी से खिल उठते हैं, तो कुछ निराशा के बादल से घिर जाते हैं। लेकिन एक सच्चाई हमें हमेशा याद रखनी चाहिए—रिजल्ट जीवन का अंतिम सच नहीं है। हर साल हम यह दुखद खबरें सुनते हैं कि कुछ छात्र अपेक्षित परिणाम न आने पर गलत कदम उठा लेते हैं। यह केवल एक पल की कमजोरी नहीं, बल्कि एक बड़ी गलतफहमी है—कि नंबर ही हमारी कीमत तय करते हैं। जबकि हकीकत इसके बिल्कुल उलट है।

परीक्षा का रिजल्ट केवल यह बताता है कि आपने एक खास समय में, एक खास विषय में कैसा प्रदर्शन किया। यह आपके हुनर, आपकी मेहनत, आपकी सोच और आपके पूरे व्यक्तित्व को नहीं माप सकता। दुनिया में ऐसे अनगिनत उदाहरण हैं, जिन्होंने पढ़ाई में औसत या कमजोर रहने के बावजूद जीवन में असाधारण सफलता हासिल की। असफलता कोई अंत नहीं है, बल्कि एक नई शुरुआत का संकेत है। जब हम गिरते हैं, तभी हमें उठने की ताकत और रास्ता मिलता है। एक खराब रिजल्ट आपको यह सिखाता है कि आगे कैसे बेहतर करना है। यह अनुभव, यह सीख, आगे चलकर आपको मजबूत बनाती है। माता-पिता और समाज की अपेक्षाएं भी कई बार बच्चों पर भारी पड़ती हैं। लेकिन यह जरूरी है कि हम बच्चों को यह समझाएं कि उनकी जिंदगी किसी मार्कशीट से कहीं ज्यादा कीमती है। उन्हें प्यार, समर्थन और भरोसा दें, ताकि वे किसी भी स्थिति में खुद को अकेला महसूस न करें।

प्रिय विद्यार्थियों, अगर आज आपका रिजल्ट आपकी उम्मीदों के अनुसार नहीं आया है, तो निराश मत होइए। एक गहरी सांस लीजिए और सोचिए—यह तो बस एक पड़ाव है, पूरी मंजिल नहीं। जिंदगी आपको आगे और भी कई मौके देने वाली है। याद रखिए- 'हार वही मानता है, जो कोशिश करना छोड़ देता है।' आपकी जिंदगी अनमोल है, आपके सपने अनमोल हैं। एक कागज का टुकड़ा आपकी पूरी कहानी तय नहीं कर सकता। इसलिए किसी भी परिस्थिति में गलत कदम उठाने की बजाय, अपने अंदर की ताकत को पहचानिए और फिर से आगे बढ़िए।

***क्योंकि असली जीत वही है, जो हार के बाद हासिल होती है।***

### न्यूज ब्रीफ

- आप सांसद अशोक मित्तल के ठिकानों पर ईडी का छापा, राघव चड्ढा की जगह बनाए गए थे डिप्टी लीडर
- बिहार में सम्राट युग, नए मुख्यमंत्री ने ली शपथ, 75 साल में पहली बार बना बीजेपी का सीएम
- होर्मुज तो पार कर लिया, लेकिन ट्रंप की 'लक्ष्मण रेखा' नहीं लांघ पाए ईरान के 8 जहाज
- महिला आरक्षण पर बोलीं मायावती-एससी-एसटी और ओबीसी को मिले अलग से कोटा
- टीसीएस मामले में साजिश का खुलासा! 9 एफआईआर में यौन उत्पीड़न और धार्मिक दबाव के गंभीर आरोप
- घरेलू शेयर बाजार हरे निशान पर; सेंसेक्स 1350 अंक चढ़ा, निफ्टी 24200 के पार पहुंचा
- यूपी में बवाल : डेढ़ घंटे तक पथराव, फिर लाठीचार्ज, पहले से ही छतों पर जमा किए थे ईंट-पत्थर
- राजदूत पी हरीश बोले- दो-स्तरीय स्थायी सदस्यता गलत, भारत 'वीटो के अधिकार पर जी4 के प्रस्ताव' के साथ



## विधानसभा सदस्यता पर मंडराया संकट, कांग्रेस पहुंची चुनाव आयोग

# कैलाश का खुद का बयान ही बना गले की फांस!

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● कैलाश विजयवर्गीय की उनके द्वारा दिए गए एक बयान के बाद मुसीबत बढ़ सकती है, जहां कांग्रेस ने उनकी शिकायत मुख्य चुनाव आयुक्त से की है और चुनावी हलफनामे में अपराध छिपाने का आरोप लगाया है। कैलाश ने एक बयान में कहा था कि उनके ऊपर 30 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। कैलाश विजयवर्गीय के लिए अपना बयान ही बना मुसीबत

कैलाश विजयवर्गीय हमेशा से ही अपने बेबाक बयानों के लिए जाने जाते हैं। उनके बयान हमेशा से ही मीडिया में सुर्खियों बनाते रहे हैं। अब अपने ही एक बयान की वजह से कैलाश फंसते हुए नजर आ रहे हैं। उनकी मुसीबत बढ़ सकती है। दरअसल, कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त से नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की शिकायत की है और चुनावी हलफनामे में अपराध छिपाने का आरोप लगाया है।

**कांग्रेस ने चुनाव आयोग को लिखा पत्र**-कांग्रेस की तरफ से चुनाव आयोग को जो पत्र लिखा गया है। उसमें उल्लेख किया गया है कि मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने रतलाम में एक बयान देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में उनके खिलाफ 34 से अधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से कई में गिरफ्तारी वारंट भी जारी किए गए हैं। उन्होंने इंदौर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा और अपने चुनावी हलफनामे में इसका उल्लेख नहीं किया। पत्र में मांग की गई है कि यदि यह जानकारी सही है, तो चुनाव आयोग इसकी जांच करे और हलफनामे में जानकारी छिपाने के आरोप में उचित कार्रवाई करते हुए उनका निर्वाचन निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू करे। अंत में यह भी पत्र में कहा गया है कि यदि कांग्रेस ने इस मामले को उठाया तो इसे राजनीतिक मुद्दा बताया जा सकता है, जबकि स्वयं कैलाश विजयवर्गीय द्वारा इन मामलों को स्वीकार किया गया है। पत्र के अंत में धन्यवाद देते हुए प्रमोद कुमार द्विवेदी द्वारा हस्ताक्षर किए गए हैं।

### कैलाश विजयवर्गीय ने दिया था बयान

कैलाश विजयवर्गीय ने कहा रतलाम पहुंचकर कहा था कि पश्चिम बंगाल में हमारी सरकार बनने वाली है। उन्होंने कहा कि मैं वहां नहीं जा रहा हूं। इसके बहुत सारे कारण हैं। कई गिरफ्तारी वारंट हैं और मेरे ऊपर 38 फर्जी मुकदमे लगाए हुए हैं। मैं जाऊं और गिरफ्तार कर लें। इसके बाद पार्टी ने कहा कि जाओ मत वरना दूसरा विवाद खड़ा हो जाएगा।

## 3000 रुपए के ब्लैक में हर क्षेत्र में मिल रहे सिलेंडर

# आश्वासन के बाद नहीं रुक रही गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी नहीं रुक रही। स्थिति यह हैं कि एजेंसियों से बुक करने पर 918.50 का सिलेंडर आसानी से नहीं मिल पा रहा है। उन्हें 20 से 25 दिनों तक का इंतजार करना पड़ रहा है, वहीं ब्लैक में यही सिलेंडर 3000 रुपए का अलग-अलग क्षेत्रों में मिल रहा है। ऐसे में सवाल यह हैं कि बिना गैस एजेंसी संचालकों को भनक लगे कालाबाजारी करने वालों तक सिलेंडर कैसे पहुंच रहे हैं इसका जवाब न तो गैस एजेंसियों के संचालकों के पास हैं और न ही जिला खाद्य प्रशासन के अधिकारी कुछ कह रहे हैं। शहर में गैस सिलेंडरों की मारामारी को एक महीना हो गया है, लेकिन हालात नहीं सुधर रहे हैं।



एजेंसियों की जांच भगवान भरोसे छोड़ी- सूत्रों के अनुसार शहर की सभी गैस एजेंसियों के भरोसे पर जिला खाद्य आपूर्ति प्रशासन के अधिकारी टिके हुए है, इसके बावजूद भी जारी है सिलेंडरों की कालाबाजारी, है।

**ऐसे गैस सिलेंडरों को कालाबाजारी होने की आशंका**-गैस एजेंसियों के गोदामों में से अलग-अलग क्षेत्रों में लोडिंग वाहन व ट्रकों से सिलेंडर जाते हैं। ऐसे में कर्मचारियों की ओर से रास्ते में कही भी भरे हुए सिलेंडर ब्लैक में बेचे जा सकते हैं, क्योंकि प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी हर दिन एजेंसियों को प्लांट से मिलने वाले सिलेंडरों के स्टॉक की स्थिति नहीं देख रहे और नही सिलेंडरों के परिवहन पर नजर रख रहे। गैस एजेंसियों की ओर से बुकिंग के आधार पर समय पर होम डिलीवरी नहीं की जा रही। ऐसी शिकायतें हर दिन मिल रहीं हैं, पहले एजेंसियों पर जो पहुंच जाता है, उन्हें सिलेंडर दे दिए जाते हैं। ऐसी शिकायतें पिछले दिनों शहर के अनेक इलाकों से मिल रही है सूत्रों के अनुसार एक सिलेंडर में हजारों रुपए की कमाई हो रही है, ऐसे में एजेंसियों के कर्मचारियों व सिलेंडरों के वितरण करने वाले कर्मचारियों की सांठगांठ से सिलेंडरों की कालाबाजारी होने की अंदेशा है। अवैध रिफिलिंग करके भी लोग गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी कर रहे हैं। कई लोगों को तीन-चार कनेक्शन हैं। ऐसे में बुकिंग कराने पर भरे हुए सिलेंडरों से खाली सिलेंडरों में गैस रिफिलिंग करके सिलेंडरों को बेचा जा रहा है। मजबूरी में लोग बिना तुलवाए ही सिलेंडर ले रहे हैं।

# जज के बच्चे सॉलिसिटर-जनरल के साथ काम करते हैं-केजरीवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● अरविंद केजरीवाल ने कल सुनवाई के दौरान कोर्ट में अपनी दलील खुद रखी। आप नेता संजय सिंह ने कोर्ट का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। अरविंद केजरीवाल ने शराब घोटाला केस की सुनवाई कर रहीं जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा को फिर से हटाने की मांग की है। केजरीवाल ने बुधवार को जस्टिस कांता की अदालत में एक और हलफनामा दायर किया है।

इसमें केजरीवाल ने जज के दो बच्चों के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के साथ काम करने का मुद्दा उठाया है। केजरीवाल ने लिखा- जज के दोनों बच्चे तुषार मेहता के साथ काम करते हैं। तुषार मेहता उनके बच्चों को केस सौंपते हैं। तुषार मेहता सीबीआई की तरफ से पेश होने वाले वकील हैं। ऐसे में, जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा तुषार मेहता के खिलाफ आदेश कैसे जारी कर पाएंगी?

इससे पहले कल सुनवाई के दौरान केजरीवाल ने कहा था कि जस्टिस शर्मा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े अखिल भारतीय



अधिवक्ता परिषद के कार्यक्रम में 4 बार शामिल हो चुकी हैं। ऐसे में उन्हें केस से हटाया जाए। ट्रायल कोर्ट ने 27 फरवरी को आबकारी नीति मामले में केजरीवाल और 22 अन्य आरोपियों को बरी कर दिया था। इस आदेश को सीबीआई ने चुनौती दी, जिसकी सुनवाई वर्तमान में जस्टिस शर्मा कर रही हैं। 9 मार्च को जस्टिस शर्मा ने नोटिस जारी किया और उस आदेश के उस हिस्से पर रोक लगा दी, जिसमें जांच अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की बात कही गई थी। उन्होंने प्रारंभिक तौर पर यह भी कहा कि ट्रायल कोर्ट की कुछ टिप्पणियां गलत थीं और ट्रायल कोर्ट को (मनी लॉन्ड्रिंग) की कार्यवाही स्थगित करने का निर्देश दिया।

## कल से लू का अलर्ट : तापमान पहुंचा 42 पार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● तेज गर्मी से पूरा मध्य प्रदेश तप गया है। दिन का तापमान 42 डिग्री और रात 25 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर में भी गर्मी का असर बढ़ा है। मंगलवार को नर्मदापुरम प्रदेश में सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि रतलाम, खजुराहो समेत 14 शहरों में टेम्प्रेचर 40 डिग्री या इससे अधिक रहा। मौसम केंद्र, भोपाल ने 16 मार्च से प्रदेश में हीट वेव यानी, लू चलने का अलर्ट जारी किया है। 16, 17 और 18 अप्रैल को प्रदेश के 17 जिले लू से प्रभावित रहेंगे। इससे पहले मंगलवार को पूरे प्रदेश में तेज गर्मी रही। मौसम विभाग की माने तो नर्मदापुरम में दिन के साथ रात भी सबसे गर्म है। रात में तापमान 25 डिग्री रहा। इसी तरह रतलाम में 41.4 डिग्री, खजुराहो-नौगांव में 41 डिग्री, धार में 40.6 डिग्री, बैतूल में 40.5 डिग्री, श्योपुर-रायसेन में 40.4 डिग्री, शाजापुर, गुना-खरगोन में 40.2 डिग्री, छिंदवाड़ा में 40.1 डिग्री, दमोह, सागर-मलाजखंड में तापमान 40 डिग्री रहा। प्रदेश के 5 बड़े शहरों में भोपाल-जबलपुर में सबसे ज्यादा 39.6 डिग्री, इंदौर में 39.8 डिग्री और ग्वालियर-उज्जैन में 39.5 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार, 15 अप्रैल को नया सिस्टम एक्टिव हो रहा है, लेकिन यह कमजोर रहेगा।

# कांग्रेस पार्षद रुबीना इक़बाल और फोजिया शेख पर अंततः मुकदमा दर्ज

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● कांग्रेस पार्षद रुबीना इक़बाल और फोजिया शेख पर मुकदमा दर्ज हुआ है। दोनों महिला पार्षदों को नगर निगम बजट सत्र में वंदे मातरम नहीं गाने की सजा मिली है।

मिली जानकारी के अनुसार, कांग्रेस पार्षद रुबीना इक़बाल खान और फोजिया शेख अलीम के खिलाफ एमजी रोड थाने पर मुकदमा दर्ज किया गया है। दरअसल, बीते सोमवार और





मंगलवार को दोनों पार्षदों के थाने में बयान दर्ज किए गए है। दोनों से पुलिस थाने में घंटो तक पूछताछ हुई थी। जिसके बाद पुलिस ने यह बड़ी कार्रवाई है।

पिछले दिनों दोनों पार्षदों ने बजट सत्र के दौरान वंदे मातरम गाने से मना किया था। वहीं, बजट सत्र के वीडियो वायरल होने के बाद देशभर में हंगामा हुआ था। इसके बाद भाजपा पार्षदों ने दोनों के खिलाफ एमजी रोड थाने पर शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में दोनों कांग्रेस पार्षदों के खिलाफ धारा 196/1 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

**लापरवाही** बायपास पर जगह-जगह गड्ढ़े राहगीरों के लिए मुसीबत बने, टोल वसूलने के बावजूद हालत खराब

# डेंजर जोन बना इंदौर-देवास बायपास, लोगों की जान जोखिम में डाल रहा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर-देवास बायपास पर जगह-जगह गड्ढ़े इन दिनों राहगीरों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। टोल वसूलने के बावजूद हालत खराब हैं। किसान नेताओं का कहना हैं कि इंदौर देवास बायपास अब डेथ में बदल गया है। हर दिन राहगीर अपनी जान पर खेलकर यहां से गुजर रहे हैं। बायपास की स्थिति केवल एक सड़क की समस्या नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और जवाबदेही की कमी का उदाहरण बनती जा रही है। जब तक इस मुद्दे पर गंभीरता से कार्यवाही नहीं की जाती, तब तक यह मृत्यु मार्ग बनकर लोगों की जान जोखिम में डालता रहेगा। बायपास पर लगी सेंट्रल लाइटिंग भी बंद पड़ी है। रात के समय पूरा रास्ता अंधेरे में डूब जाता है,





जिससे दुर्घटनाओं की संभावना और बढ़ जाती है। रात में सफर करने वाले लोगों के लिए यह स्थिति बेहद खतरनाक बन गई है, क्योंकि अंधेरे में गड्ढे और अधूरे निर्माण कार्य दिखाई नहीं देते।

**संतुलन खोकर गिर जाते है वाहन चालक**- किसान नेता हंसराज मंडलोई ने बताया जिस विधानसभा क्षेत्र से यह बायपास गुजरता है, वहां के जनप्रतिनिधि ने इस समस्या पर चुप्पी साध रखी है। इंदौर-देवास बायपास की मौजूदा स्थिति चिंताजनक है। सड़क का बड़ा हिस्सा उखड़ गया है और जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। तेज रफ्तार में चलने वाले वाहन अचानक इन गड्?ढों का शिकार हो रहे हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। कई बार दोपहिया वाहन चालक संतुलन खोकर गिर जाते हैं, वहीं भारी वाहन भी इन गड्ढों के कारण अनियंत्रित हो जाते हैं।

**सर्विस रोड खराब**-बायपास की मुख्य सड़क के साथ-साथ सर्विस रोड़ की स्थिति बेहद खराब है। ग्रामीणों और स्थानीय निवासियों के लिए यह रास्ता रोजमर्रा की परेशानी का कारण बन गया है। स्कूल जाने वाले बच्चे, काम पर जाने वाले लोग और छोटे व्यापारी सभी इस बदहाल सड़क का खामियाजा भुगत रहे हैं। कई बार एम्बुलेंस और जरूरी सेवाओं के वाहन भी इस खराब सड़क के कारण समय पर नहीं पहुंच पाते।

**टोल के बाद भी सुविधा नहीं**-सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब टोल कंपनी इस बायपास से पैसे ले रही है तो फिर सड़क की हालत इतनी खराब क्यों है? टोल कंपनी ने बायपास की लागत से कई गुना ज्यादा राशि वसूल कर ली है, लेकिन रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया। यह सीधे तौर पर जनता के साथ अन्याय है। रोजाना टोल टैक्स देने वाले वाहन चालकों को न तो अच्छी सड़क मिल रही है और न ही पर्याप्त सुविधाएं।

### *ब्रिज निर्माण पूरा नहीं, उलटी दिशा में चालक चलने मजबूर*

*किसान नेताओं ने बताया अर्जुन बड़ौदा ब्रिज का निर्माण कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ। इसकी वजह से कई वाहन चालक मजबूरी में उलटी दिशा में वाहन चलाने को मजबूर हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा और बढ़ गया है। इसके अलावा झालरिया ब्रिज का काम भी बेहद धीमी गति से चल रहा है। निर्माण कार्य की सुस्ती ने ट्रैफिक व्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है, जिससे आए दिन लंबा जाम लगना आम बात हो गई है। रावखेड़ी से लेकर देवास तक का पूरा बायपास क्षेत्र जगह-जगह से उखड़ गया हैं। कई हिस्सों में सड़क इतनी खराब हो गई है कि वाहन चलाना मुश्किल हो गया है।*

न्यूज ब्रीफ

## शहर कांग्रेस अध्यक्ष चौकसे हुए साइबर क्राइम के शिकार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर कांग्रेस अध्यक्ष एवं निगम नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे भी सायबर क्राइम का शिकार हो गए। उनका मोबाइल हैक कर उनके वाट्सएप पर उनसे कई परिचितों से मदद के नाम पर पैसा मांगा गया। चौकसे ने इसकी शिकायत क्राइम ब्रांच को की है। साइबर टीम मामले की जांच कर रही है। चौकसे ने बताया कि वे मंगलवार को अपने वार्ड में थे, उन्हें एक कॉल आया और सामने वाले ने पार्सल आने की बात कहकर लोकेशन नहीं मिलने की बात कहकर कहा कि आप इस नंबर पर कॉल करके लोकेशन बता दें। चौकसे को आश्चर्य हुआ उसके बाद भी जिज्ञासा वश उन्होंने दिए नंबर पर दो से तीन बार कॉल किया लेकिन फोन नहीं लगा। कुछ देर बाद उनके मोबाइल पर कॉल आना बंद हो गए। चौकसे को पता चला तो वे भी हैरान रह गए। इस दौरान हैकर ने उनके वाट्सऐप का इस्तेमाल कर कई परिचितों को मैसेज कर अर्जेंट जरूरत कि बात कहकर 50 से 55 हजार रुपए की डिमांड कर डाली। जिन लोगों को मैसेज मिले थे उन्होंने चौकसे से संपर्क किया तो पता चला कि हैकर ने उनका मोबाइल हैक कर लिया है। इसके बाद वे सीधे क्राइम ब्रांच पहुंचे और शिकायत दर्ज करवाई।

## वल्लभाचार्य जयंती महोत्सव में श्रद्धा की अनूठी अभिव्यक्ति, शोभायात्रा में पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● जगद्गुरु महाप्रभु श्री वल्लभाचार्य के 549वें प्राकट्य महोत्सव के अवसर पर अखिल भारतीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर भारत विकास परिषद, शाखा आगर ने भी सक्रिय सहभागिता निभाते हुए विभिन्न आयोजनों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। महोत्सव के अंतर्गत प्रथम दिवस भव्य महामंडली का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया। द्वितीय दिवस श्री सर्वोत्तम यज्ञ एवं बधाई कीर्तन के माध्यम से भक्तिभाव का संचार हुआ, वहीं तृतीय दिवस प्रातःकाल प्रभात फेरी एवं सायंकाल भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसने नगर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जिसमें श्रद्धालुओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया गया, वहीं भारत विकास परिषद द्वारा नाना बाजार, सराफा एवं हाटपुरा क्षेत्र में पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का भव्य अभिनंदन किया गया। इस दौरान प्रसाद वितरण भी किया गया, जिससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह रहा। वैष्णव परिषद के पदाधिकारियों हरिवल्लभ मूंदड़ा, प्रदीप जोशी, रमेश अटल, प्रदीप मेठी एवं प्रवीण मूंदड़ा का दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया गया।

**लीनियर एक्सीलरेटर के लिए बंकर तैयार, 47 करोड़ की मशीन जल्द आने की उम्मीद, जो रेडियोथैरेपी उपचार में निभाएगी अहम भूमिका**

# 21 साल से अटका कैंसर अस्पताल प्रोजेक्ट, जुलाई तक पूरा करने का दावा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सरकारी कैंसर अस्पताल में अत्याधुनिक इलाज सुविधाओं का इंतजार पिछले 21 वर्षों से जारी है। नई बिल्डिग का निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं हो पाया है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन का दावा है कि जुलाई तक काम पूरा कर लिया जाएगा, लेकिन मौजूदा हालात को देखते हुए यह लक्ष्य मुश्किल नजर आ रहा है।



फाइल फोटो

अस्पताल में लगने वाली 47 करोड़ रुपए की लीनियर एक्सीलरेटर मशीन जल्द शहर पहुंच सकती है। इसके लिए नए भवन में विशेष बंकर तैयार किया गया है, जहां रेडिएशन से सुरक्षा के लिए मोटी दीवारों पर लेड की परत चढ़ाई जा रही है। यह मशीन कैंसर मरीजों के लिए रेडियोथैरेपी उपचार में अहम भूमिका निभाएगी। इस परियोजना की शुरुआत वर्ष 2005 में हुई थी। तब से अब तक 2023 तक कुल 11 बार प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार करीब 50 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग दिखाई देती है। भवन का ढांचा तैयार है, लेकिन लिफ्ट चालू नहीं हुई है, बिजली वायरिंग अधूरी है और सैनेटरी फिटिंग से लेकर पेंटिंग तक कई काम बाकी हैं। रेडियोथैरेपी सुविधा के अभाव में हर साल हजारों मरीजों को निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है, जहां इलाज का खर्च 50 हजार से 2 लाख रुपए तक पहुंच जाता है। ऐसे में नए अस्पताल के शुरू होने से मरीजों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। 321 बेड की सुविधा प्रस्तावित नए कैंसर अस्पताल में 321 बेड की सुविधा प्रस्तावित है। यहां लीनियर एक्सीलरेटर, ब्रेकीथैरेपी यूनिट, रेडियोथैरेपी, ओपीडी और रेडियो डायग्नोसिस जैसी सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। साथ ही जनरल वार्ड, डे-केयर, कीमोथैरेपी यूनिट, आईसीयू, एचडीयू और ऑपरेशन थिएटर भी बनाए जा रहे हैं। करीब 25,589 वर्गमीटर में फैली इस इमारत में प्रशासनिक और तकनीकी सुविधाएं भी शामिल होंगी। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि बंकर तैयार है और मशीन का ऑर्डर दिया जा चुका है। मशीन आने के बाद सुरक्षा जांच और परीक्षण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# ई-रिक्शा पर आज से होगी चालानी कार्रवाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर में 10 हजार से अधिक ई-रिक्शा चल रहे हैं। रिक्शा का रूट निर्धारित नहीं होने से वे ट्रैफिक व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं। अत्यधिक संख्या में रिक्शा होने के बावजूद उनका कोई स्टैंड नहीं बनाया गया है। दुकान, मकान और प्रमुख चौराहों पर सुबह से लेकर शाम तक ई-रिक्शा खड़े होते हैं। लगातार ई-रिक्शा की संख्या बढ़ने और संचालन में मनमानी करने से यातायात विभाग ने सख्त कदम उठाना शुरू कर दिया है। इसके तहत कई रिक्शा चालकों के चालान तक बनाए हैं। वहीं, कुछ रिक्शा को राजवाड़ा जैसे व्यस्त बाजार में प्रवेश करने से रोका है। अब इनके व्यवस्थित संचालन के लिए पंजीयन अनिवार्य किया है। पंजीयन कराने की अंतिम तिथि आज 15 अप्रैल है। इसके बाद चालकों पर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



रूट निर्धारण, पर संचालन नहीं- मनमाने ढंग से संचालन को रोकने ट्रैफिक पुलिस ने पिछले दिनों इनके रूटों का निर्धारण किया था। रूट को चार सेक्टरों में बांटा था। यह भी तय हुआ था कि रूट के बाद चारों जोनों में चलने वाले ई-रिक्शा के रंग अलग-अलग होंगे, जिससे यह पता चल सकेगा कि किस जोन में कौनसा रिक्शा दौड़ रहा है। लेकिन, यातायात विभाग आदेश जारी कर भूल गया। अब तक किसी रिक्शा का न तो रंग बदला गया और न ही वे तय रूट पर चल रहे हैं।

**तीन हजार से अधिक रिक्शा चालक आगे आए**-ट्रैफिक पुलिस उपायुक्त राजेश त्रिपाठी की मानें तो अब तक तीन हजार से अधिक रिक्शा चालकों ने ही पंजीयन कराने में रुचि दिखाई है। शेष को कई बार पंजीयन के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने अनसुना कर दिया।

# 6000 कर्मचारी करेगें मकानों की गणना और सूचीकरण का काम

## जनगणना के प्रथम चरण की तैयारियां, 1 मई से शुरू होगा पहला चरण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● एक मई से शुरू हो रहे जनणगना के प्रथम चरण का काम 6000 कर्मचारी करेंगे। जनगणना कार्य निदेशालय के निदेर्शानुसार कर्मचारी मकान सूचीकरण व मकानों की गणना का काम किया जा रहा है। प्रथम चरण में काम को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से संपादित करने के उद्देश्य से भोपाल जिले के शहरी क्षेत्र को 25 भागों में बांटा गया है। इसके लिए 5042 प्रगणकों (कर्मचारियों) की नियुक्ति की गई है, जबकि ग्रामीण क्षेत्र के 907 प्रगणकों की नियुक्ति की गई है। एक प्रगणक को 200 मकानों की गणना करनी है। ग्रामीण क्षेत्र में 04 क्षेत्र बनाए गए हैं जिसमें बैरसिया नगर परिषद, बैरसिया ग्रामीण, हुजूर एवं कोलार इसके साथ ही उनके कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए प्रत्येक 6 प्रगणकों पर एक पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गई है। 15 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक चलेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कर्मचारियों को जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

**मोबाइल ऐप खुद जानकारी भी दर्ज कर सकते हैं**-डिजिटल सर्वे में डेटा संग्रहण के लिए मोबाइल ऐप व स्मार्टफोन का उपयोग करके स्व-गणना पोर्टल पर या न्यूज ऑन एयर पर घर बैठे 15 दिनों के भीतर खुद की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं।

**33 सवालों का यह रहेग सेट**-33 सवालों का सेट रहेगा। इसमें घर की बनावट (छत, दीवार, फर्श), मकान नंबर, परिवार के सदस्यों की संख्या, और सुविधाओं (पानी, बिजली, शौचालय, वाहन) से जुड़े 33 सवाल पूछे जाएंगे। मकानों की जियो टैगिंग की जाएगी। जिससे सही डिजिटल मैपिंग हो सके। मकान सूचीकरण और आवास गणना 1 मई से शुरू होकर 30 मई तक जारी रहेगी जिसमें हर संरचना को एक विशिष्ट पहचान संख्या दी जाएगी।

# अटल गृह ज्योति योजना में उपभोक्ताओं को दी 150 करोड़ रुपए की सब्सिडी

## मालवा-निमाड़ के 31.50 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली बिलों में दी राहत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली अटल गृह ज्योति योजना का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन कर रही हैं। पिछले एक बिल माह के दौरान मालवा निमाड़ में 31 लाख 50 हजार से अधिक उपभोक्ता लाभान्वित हुए है। इन उपभोक्ताओं प्रथम सौ यूनिट तक बिजली एक रूपए यूनिट की दर से प्रदान की गई है। इन उपभोक्ताओं को मप्र शासन की ओर से एक माह के दौरान कुल 150 करोड़ रूपए की सब्सिडी प्रदान की गई है। पश्चिम क्षेत्र विद्युत कंपनी क्षेत्र के 15 जिलों में सबसे ज्यादा इंदौर जिले के 4.45 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ता लाभान्वित हुए हैं। इंदौर जिले के उपभोक्ताओं को 20 करोड़ रूपए से ज्यादा की सब्सिडी प्रदान की गई है। मप्र के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देशानुसार लाभार्थी उपभोक्ताओं से नियमित रूप से सब्सिडी प्राप्ति का फीडबैंक भी लिया जाता हैं। अटल गृह ज्योति योजना में उज्जैन जिले में 2.95 लाख उपभोक्ता , धार जिले में 2.95 लाख उपभोक्ताओं, खरगोन जिले में 2.80 लाख, रतलाम जिले में 2.49 लाख, देवास जिले में 2.30 लाख, मंदसौर जिले में 2.26 लाख, बड़वानी में 2.05 लाख, खंडवा 1.95 लाख उपभोक्ता हुए हैं। कंपनी क्षेत्र के अन्य 5 जिलों में 90 हजार से 1.75 लाख उपभोक्ता लाभान्वित हुए हैं। कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए लागू इस योजना में प्रतिदिन औसत 5 यूनिट अधिकतम खपत वाले उपभोक्ताओं को सब्सिडी की पात्रता हैं।

**समाधान योजना से 902800 उपभोक्ता लाभान्वित**

मप्र शासन ऊर्जा विभाग द्वारा बिजली बिल के तीन माह या अधिक समय से पुराने बिल को जमा करने पर लागू समाधान योजना के तहत अब तक पश्चिम मप्र में 9 लाख 2 हजार आठ सौ से ज्यादा उपभोक्ताओं ने सरचार्ज छूट का लाभ लिया है। योजना के अंतर्गत 50 से 90 प्रतिशत सरचार्ज माफी 15 मई तक दी जा रही है। योजना में अब तक पश्चिम मप्र में 39.50 करोड़ से ज्यादा की छूट दी जा चुकी हैं, वहीं पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को 292करोड़ से ज्यादा का राजस्व प्राप्त हुआ है। मप्र शासन की इस समाधान योजना से सर्वाधिक इंदौर जिले के 1 लाख 1 हजार बकायादार उपभोक्ता लाभान्वित हुए हैं।

# वैभव नगर में प्रभातफेरी का आयोजन



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● 18 को बड़े गणपति से राजबाड़ा तक परशुराम सेना द्वारा ब्राह्मण संस्कार यात्रा गौ माता के नेतृत्व में निकालने और सर्व ब्राह्मण समाज बंधुओ को एकजुट होकर संस्कारों का समाज में सिंचन करने और सभी को मिलकर समाज का विकास और एक दूजे के सुख दुख में साथ खड़े हो उक्त उद्देश्य को लेकर आज भगवान परशुराम जी की प्रभात फेरी का आयोजन संचार नगर, वैभव नगर क्षेत्र मे किया गया।*बड़े ही हर्ष का विषय है कि भगवान परशुराम जी के जन्म उत्सव पर परशुराम सेना द्वारा पूरे इंदौर शहर में अलग-अलग क्षेत्रों में भगवान परशुराम जी की प्रभात फेरी का दिव्य आयोजन निरंतर चल रहा है इस कड़ी में पूर्वी क्षेत्र में यह प्रभात फेरी का आयोजन दिनांक 15 अप्रैल बुधवार को प्रातः 6:00 बजे दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर कनाडिया रोड से प्रारंभ हुआ वहां से आलोक नगर, संचार नगर मेन, संचार नगर* एक्सटेंशन (हनुमान धाम),वैभव नगर, होते हुए दुर्गा माता मंदिर के सामने महाआरती एवं प्रसादी स्वरूप स्वल्प आहार कर प्रभात फेरी का विश्राम हुआ ।

# इंदौर में फर्जी एनओसी केस- सील बनाने वाला दुकानदार बरी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर में टाटा मोटर्स फाइनेंस के नाम पर फर्जी एनओसी बनाकर ठगी करने के चर्चित मामले में कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने रबर स्टैम्प (सील) बनाने वाले दुकान संचालक को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया है, जबकि मुख्य आरोपी रवि कुमार झा, संदीप और राजेंद्र के खिलाफ मामला जारी रखने के आदेश दिए हैं। मामला लसूड़िया थाना क्षेत्र का है, जहां फरियादी लक्ष्मीनारायण ने 2024 में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी टाटा टियागो कार की किस्तें बकाया थीं। इसी दौरान रवि कुमार झा और संदीप ने उनसे संपर्क कर कम रकम में लोन सेटलमेंट कराने का झांसा दिया। आरोपियों ने कहा कि वे 80 हजार रुपए में पूरा मामला निपटा देंगे और फाइनेंस कंपनी से NOC दिलवा देंगे। भरोसे में आकर फरियादी ने आरोपियों को 80 हजार रुपए दे दिए।कुछ दिनों बाद आरोपियों ने टाटा मोटर्स फाइनेंस के नाम का फर्जी लेटरपैड, फर्जी NOC और फॉर्म-35 तैयार कर फरियादी को दे दिया। दस्तावेज इतने वास्तविक लगे कि फरियादी ने आरटीओ में आवेदन कर कार अपने नाम ट्रांसफर भी करवा ली। बाद में जब फरियादी कार लेकर बाहर निकला, तो फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों ने उसे रोककर बताया कि कार की किश्तें अभी भी बकाया हैं और NOC पूरी तरह फर्जी है। इसके बाद पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ।

## सतीश - सरिता जैन पुनः श्रेष्ठ अध्यक्ष चुने

## मनोहर झांझरी फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● दिगंबर जैन सोशल ग्रुप विद्यासागर , इंदौर ने चांदखेड़ी तीर्थ क्षेत्र, खानपुर (राज. ) में आयोजित अधिवेशन में भाग लिया। विद्यासागर सोशल ग्रुप , इंदौर को 2025 मैं किए गए कार्यों हेतु कई प्रतिष्ठित अवार्ड प्राप्त हुए। ग्रुप को श्रेष्ठ अध्यक्ष - सतीश - सरिता जैन, श्रेष्ठ कोषाध्यक्ष - राजेंद्र - रविता जैन, श्रेष्ठ धार्मिक गतिविधिओं, सामाजिक गतिविधिओं , मानव सेवा, मनोरंजन गतिविधियों एवं शिक्षा सेवा आदि अवार्ड से सम्मानित किया गया। फेडरेशन की देश विदेश में करीब 361 शाखाएं हैं । इस राष्ट्रीय अधिवेशन में करीब 750 सदस्य पहुंचे। अधिवेशन में श्री मनोहर झांझरी , इंदौर को पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष, विनय जैन(जबलपुर) को महासचिव एवं अश्विन कासलीवाल(उज्जैन) को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। अधिवेशन में ग्रुप के परामर्शदाता आर के जैन (एक्सा), अध्यक्ष सतीश जैन (इला बैंक), कार्याध्यक्ष सुनील जैन (एक्सा ), सचिव - संतोष जैन (एम पी ई बी) पूर्व अध्यक्ष जे के जैन, संचालक मंडल सदस्य के एल जैन सहित अन्य सदस्य शामिल हुए। सतीश जैन के अनुसार प्रातः आदिनाथ भगवान के अभिषेक, शांति धारा के पश्चात अन्य सभी कार्यक्रम हुए।

# राशन उपभोक्ताओं को जल्दी ही हाथ में आएगा एक साथ दो महीने का राशन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● राशन उपभोक्ताओं को जल्दी ही अप्रैल माह में मई और जून का राशन आवंटित किया जाएगा। खाद्य विभाग की ओर से उचित मूल्य दुकानों पर गेहूं और चावल की आपूर्ति शुरू कर दी है। अप्रैल माह में ही मई और जून के लिए आवंटन भेजा जा रहा है, ताकि समय पर वितरण सुनिश्चित किया जा सके। अधिकारियों का कहना है कि इस बार किसी भी प्रकार की देरी नहीं होने दी जाएगी और सभी दुकानों पर पर्याप्त मात्रा में राशन उपलब्ध रहेगा। इस पूरी पहल का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को सुविधा प्रदान करना, वितरण प्रक्रिया को सरल बनाना और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। सरकार चाहती है कि राशन वितरण प्रणाली में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो और जरूरतमंद लोगों तक समय पर और सही मात्रा में खाद्यान्न पहुंचे। नई व्यवस्था की सबसे खास बात यह है कि उपभोक्ताओं को एक साथ दो महीने का राशन प्राप्त करने के लिए पॉस मशीन पर दो बार बायोमेट्रिक सत्यापन (फिंगर प्रिंट वेरिफिकेशन) करवाना अनिवार्य रहेगा। प्रत्येक माह के राशन के लिए अलग-अलग सत्यापन किया जाएगा, ताकि रिकॉर्ड में पारदर्शिता बनी रहे और किसी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना न रहे।



**वितरण प्रणाली पर कड़ी निगरानी:** दुकानदारों के अनुसार लाभार्थी संबंधित राशन की दुकान पर जाकर दो महीने का राशन ले सकेंगे। संभवतः इसी सप्ताह से प्रक्रिया शुरु कर दी जाएगी। हालांकि अलग-अलग दुकानों पर एक-दो दिन कआगे पीछे हो सकते हैं। इसके लिए लाभार्थी को पॉस मशीन पर दो बार सत्यापन करवाना रहेगा। विभाग ने राशन वितरण प्रणाली पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश भी जारी किए हैं। कई दलों को भी सक्रिय किया गया है, जो समय-समय पर उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण करेंगे। यदि किसी उपभोक्ता को राशन वितरण में अनियमितता, कम मात्रा या अन्य किसी समस्या का सामना करना पड़ता है तो वह संबंधित अधिकारी या संबंधित कार्यालय में शिकायत दर्ज करवाएंगे। इसका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को सुविधा देना, वितरण प्रक्रिया सरल बनाना है।

**चार महीने का राशन दो महीने में:** सैकड़ों उचित मूल्य की दुकान से कई हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरित किया जाता है। इस बार की खास बात यह है कि मार्च में दो महीने का राशन पहले ही वितरित कर दिया गया, और अब अप्रैल में फिर से दो महीने का राशन दिया जाएगा।

**उपभोक्ताओं की प्रतिक्रिया:** राशन उपभोक्ता आशा वर्मा ने बताया कि मार्च में भी उन्हें दो महीने का राशन एक साथ मिला था और अब अप्रैल में फिर से दो महीने का राशन मिलने जा रहा है। इससे उन्हें काफी राहत मिली है, क्योंकि बार-बार दुकान पर जाने की जरूरत नहीं पड़ती। नितेश जायसवाल ने बताया दो महीने का राशन एक साथ देने से कामकाज में सुविधा होगी। बाजार में गेहूं के दाम काफी बढ़ गए हैं। ऐसे में सरकार की ओर से एक साथ दो महीने का राशन देना उनके जैसे परिवारों के लिए बड़ी राहत है।

**राशन नहीं लेने वाले की आईडी स्वतः हो रही डिलीट**-

विभाग की ओर से लाभार्थी के कार्डों की नियमित जांच भी की जा रही है। ऐसे उपभोक्ता जिन्होंने बायोमेट्रिक नहीं करवाया है या जो लंबे समय से राशन नहीं ले रहे हैं, उनकी आईडी निरस्त की जा रही है। यदि कोई उपभोक्ता लगातार चार महीने तक राशन लेने नहीं आता है, तो उसकी आईडी स्वतः डिलीट कर दी जाती है।

## Ai+ Smartphone नोवा 2 की बिक्री फ्लिपकार्ट पर शुरू

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● Ai+ Smartphone ने अपनी नई नोवा सीरीज के अंतर्गत अपने नवीनतम डिवाइस नोवा 2 की बिक्री शुरू करने की घोषणा की है। रोजमर्रा की भरोसेमंद उपयोगिता और आकर्षक व्यक्तिगत शैली को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया नोवा 2, 14 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से विशेष रूप से फ्लिपकार्ट और चुनिंदा रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध होगा।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, बुधवार 15 अप्रैल 2026

### नवीन प्रवेश के साथ है अनेक चुनौतियों का भार

# विभाग दूसरी परीक्षा कराने को तैयार मई में शिक्षकों के कंधों पर बढ़ेगा भार

## 10वीं-12वीं के नतीजे आने के बाद चिन्हित होंगे बच्चे मई में द्वितीय परीक्षा व जनगणना भी करेंगे मास्साब

**दैनिक इंदौर संकेत**

**भोपाल** • बुधवार को दसवीं एवं बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद अब शिक्षकों के समक्ष अनेक चुनौतियां बढ़ेंगी। इन्हें दसवीं से ग्यारहवीं में पहुंचे विद्यार्थियों के नवीन प्रवेश कराना होंगे तो जो बच्चे हायर सेकंडरी एवं हाईस्कूल की परीक्षा में अनुत्तीर्ण होकर आये हैं। उनकी परीक्षा तैयारियों पर भी फोकस करना होगा। बुधवार को परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद शिक्षकों को अप्रैल में ही उन बच्चों की तैयारियां करवाना होंगी। जो अनुत्तीर्ण हुए हैं। मौजूदा शिक्षण सत्र से माध्यमिक शिक्षा मंडल ने पूरक की व्यवस्था समाप्त कर दी है। अब सिर्फ जो बच्चे जितने विषयों में अनुत्तीर्ण हुए हैं, वह उतने सब्जेक्ट की परीक्षा दे सकते हैं। ऐसा नियम बनाया गया है। अगर कोई छात्र कम अंक लेकर आया है तो उसके लिए श्रेणी सुधार के विकल्प भी खुले हुए हैं। दसवीं एवं बारहवीं का रिजल्ट आने के बाद विद्यार्थी जितने विषयों में फेल हुए हैं। इनकी मौजूदा सप्ताह से ही रिमेडियल कक्षाएं प्रारंभ की जाएंगी। शिक्षक द्वितीय एग्जाम तक इन्हें पूरी तरह तैयार करेंगे।




इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय पहले ही जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित कर चुका है। जितने भी अनुत्तीर्ण विद्यार्थी सामने आयेंगे। उनको मौजूदा सप्ताह से ही स्कूलों में बुलाया जाएगा। शिक्षा अधकारियों के माध्यम से सभी प्राचार्यों को भी इस संबंध में निर्देश दिए जा चुके हैं। स्कूलों में प्राचार्यों का कहना है कि बुधवार को रिजल्ट आ रहा है। जो छात्र अनुत्तीर्ण होंगे। उनके अभिभावकों को अगले दिन गुरुवार से ही फोन किया जायेगा। उनसे आग्रह किया जायेगा कि वह बच्चों तो तत्काल स्कूल भेजें, जिससे उनकी दूसरी परीक्षा के लिए तैयारियां करवाई जाएं। बच्चे जिन विषयों में फेल हुए हैं। अंकसूची के आधार पर प्राचार्य उनका अवलोकन करेंगे। उसी के आधार पर इनकी तैयारियां करवाई जाएंगी।

### अभी 9वीं-11वीं की तैयारियां

पिछले सप्ताह नवीं एवं ग्यारहवीं की परीक्षा का परिणाम आया था। इस परीक्षा में जो बच्चे पूरक की पात्रता लेकर आये हुए हैं। उनकी तैयारियां करवाई जा रही हैं। विभाग में अधिकारियों का कहना है कि इन बच्चों को परीक्षा के लिए कैसे तैयार किया जा रहा है। प्राचार्यों से इसका पूरा अपडेट लिया जा रहा है। इन बच्चों की परीक्षा जून में आयोजित की जानी है, लेकिन विभाग के निर्देश पर इनको अभी कक्षाओं में बुलाकर पढ़ाया जा रहा है।

### जनगणना भी बड़ी जिम्मेदारी

अप्रैल में जहां शिक्षक अनुत्तीर्ण बच्चों को पढ़ाएंगे तो मई में इन्हें परीक्षा कराने के साथ-साथ जनगणना भी करना होगी। राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में शिक्षकों की ड्यूटी तय हो रही है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि समन्वय के साथ सभी काम कराए जाएंगे। शासन का जो आदेश होगा। उसका पालन तो सभी को करना ही होगा।

## मेटांगे को भीम रत्न अवार्ड से सम्मानित किया



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर भीम शक्ति युवा संगठन ने डॉ. अम्बेडकर प्रतिमा, गीता भवन चौराहा पर एक शाम भीम के नाम सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। कार्यक्रम मे सामाजिक कार्यकर्ता मुरलीधर राहुल मेटांगे को पिछले दस वर्षों से लगातार समाजसेवा के क्षेत्र मे कार्य करने के लिए भीम रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड मेटांगे ने उनकी पत्नी अर्चना मेटांगे और बेटे नैतिक मेटांगे के साथ प्राप्त किया। इस दौरान संगठन के राकेश भालशंकर, विकास भीमके, आकाश मेश्राम, कैलाश मोटघरे, पाण्डु सुरवाड़े सहित बौद्ध समाजजन व कई अम्बेडकर अनुयायी मौजूद थे।



## स्वर्गीय ठाकुर रणछोड़ सिंह पवार की पगड़ी रस्म पर 2100 मोक्ष निधि का समर्पण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • स्वर्गीय ठाकुर रणछोड़ सिंह पवार की पगड़ी रस्म पर पुत्र ठाकुर श्री लाखन सिंह, ठाकुर समंदर सिंह, पोते दीपक सिंह, हर्षवर्धन सिंह एवं परिवार द्वारा सेवा भारती द्वारा संचालित जीवन उमंग अनुसूचित जनजाति बालिका छात्रावास बिचोली मरदाना की बालिकाओं के शैक्षणिक विकास एवं भोजन के लिए 2100 की राशि सेवा भारती के सोहनलाल परमार को प्रदान की, एवं कई गौशालाएं एवं धर्मशालाओं के लिए राशि प्रदान की। इस अवसर पर दिलीप सिंह पवार, सूरज सिंह बोडाना, राजकुमार पटेल, जीवनलाल पटेल, बबलू जाधव, दरबार सिंह पवार सहित अनेक समाजजनों,इष्टमित्रों ने स्व. ठाकुर रणछोड़ सिंह पवार को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं पवार परिवार का आभार माना।

## अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के आद्याचार्य स्वामी रामचरण महाराज के निर्वाण दिवस पर पुष्पांजलि

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • जब राजस्थान की भूमि पर चारों ओर से आक्रमण हो रहे थे, मंदिरों में प्रतिदिन मूर्तियाँ तोड़ी जा रही थीं, हमारे वेदों को जलाया जा रहा था और अज्ञान का बोलबाला था, तब उस युग में महाप्रभु स्वामी रामचरण महाराज ने अवतार लेकर राम नाम की निर्गुण धारा को जन जन तक पहुँचाने की चुनौती को स्वीकार किया था। उनका कृतित्व और व्यक्तित्व विलक्षण था कि आज 228 वें निर्वाण दिवस पर हम उन्हें पुष्पांजलि समर्पित कर उनका पूजन अर्चन कर रहे हैं।



## विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर देंगे व्याख्यान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा एवं स्व. प्यारेलाल खण्डेलवाल स्मृति मंच के संयोजक दीपांश खण्डेलवाल ने बताया कि भाजपा के आधार स्तंभ रहे स्व. प्यारेलाल खण्डेलवाल जी की 15 अप्रैल को जन्म जयंती के अवसर पर आज 15 अप्रैल को शाम 5 बजे रवीन्द्र नाथ टैगोर थियेटर, रीगल चौराहे के पास व्याख्यान और राष्ट्र भक्ति के संगीतों से ओतप्रोत कार्यक्रम किया जाएगा।

दीपांश ने बताया कि स्व. प्यारेलाल खण्डेलवाल जी ने मध्यप्रदेश में संगठन को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संगठन और कार्यकर्ताओं को गढ़ने में प्यारेलाल का अमूल्य योगदान रहा। 15 अप्रैल को उनकी जयंती पर मंच द्वारा वंदे मातरम की संगीतमय प्रस्तुति के साथ साथ राष्ट्रीय भक्ति के गीतों की प्रस्तुति कलाकारों द्वारा दी जाएगी साथ ही वंदे मातरम के साधक संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर पर व्याख्यान होगा। व्याख्यान को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर संबोधित करेंगे।

## आदि गुरु शंकराचार्य की जयंती पर महाआरती होगी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • आदि गुरु शंकराचार्य की जन्म जयंती के पहले अखिल भारतीय दशनाम गोस्वामी समाज युवा शाखा इंदौर द्वारा 21 स्थान पर समरसता महाआरती का आयोजन किया जा रहा है।

## यूँ ही नहीं हो जाते हैं किसी संस्था के निर्विरोध चुनाव...!!

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • सामाजिक संस्थाओं में नए पदाधिकारी बनने और चुनाव के नाम पर लगभग सभी समाजों में या तो कुछ न कुछ विवाद चल रहे हैं या किन्हीं अन्य कारणों से निर्विरोध चुनाव होने की शालीन परम्परा अब लुप्त होती जा रही है लेकिन पिछले सप्ताह माहेश्वरी समाज की संस्था महेश जनसेवा ट्रस्ट के 'महेश्वरम' संगठन के चुनाव के दौरान कुछ ऐसे प्रसंग देखने को मिले जिनसे लगता है कि समाज में यदि कुछ समझदार और जागरूक लोग हों तो सामाजिक संस्थाओं में चुनाव को लेकर किसी तरह के विवाद या तो होंगे ही नहीं या होंगे भी तो कुछ वजनदार लोगों के हस्तक्षेप से समय रहते उनका समाधान हो जाएगा।

## स्व. अभिजीता राठौर को 'मानवरत्न' उपाधि से सम्मानित किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • राऊ स्थित नखराली ढाणी में उभरता राठौर समाज मिशन उज्जैन द्वारा आयोजित 'लीगल एंड प्रोफेशनल डायमंड कॉन्फ्रेंस 2026' में अंगदानी समाज की प्रेरणास्रोत स्व. श्रीमती अभिजीता राठौर को मानवरत्न उपाधि से सम्मानित किया गया कार्यक्रम में 72 प्रतिभाएं लीगल और प्रोफेशनल डायमंड क्षेत्र की परिवार सहित एकत्रित हुए और परिचय हुआ मुख्य अतिथि प्रधान न्यायाधीश श्री मुन्नालाल राठौर, प्रिंसिल जज फैमिली कोर्ट डिंडोरी, न्यायाधीश रघुनाथवीर सिंह राठौर (वर्चुअल रूप से जुड़े), लाटरी के माध्यम से प्रतिभाओं में से एक सुश्री प्रतीका राठौर अतिथि के रूप में चुनी गई, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रतन सिंह राठौर पीपी साहेब, वरिष्ठ रजिस्टार श्री समरथ मल राठौर, श्री प्रवीण राठौर उपस्थित रहे।




सामाजिक उत्प्रेरक आर.एन. राठौर ने कहा कि 'कोई भी सर्वश्रेष्ठ नहीं होता, भाग्य में जो लिखा है वही प्राप्त होता है।' कार्यक्रम की शुरुवात अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन तथा कु पियूषा राठौर के सरस्वती वंदन नृत्य प्रस्तुति से हुई।

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा अभिजिता के परिवारजन श्री रतन सिंह जी, प्रवीण जी को मानव रत्न उपाधि प्रदान की गई। तथा प्रतिभाओं को डायमंड अवॉर्ड से सम्मानित किया।

इस अवसर पर आकर्षक स्मारिका का प्रकाशन भी हुआ। कार्यक्रम में मनोज राठौर तेली, विजय राठौर कसरावद, राजेश सोलंकी खाचरोद, मोहनलाल राठौर गौतमपुरा, श्यामलाल राठौर रंगवासा, प्रशांत राठौर ग्वालियर, हरीश राठौर लड्डू इंदौर, मुकेश राठौर भोपाल, दिलीप राठौर खरगोन, यशवंत राठौर जीरण रक्त दानी देवीलाल राठौर चित्तौड़, वीरेंद्र राठौर आष्टा, जितेंद्र राठौर सीहोर, देवीलाल राठौर धामनोद, सत्यनारायण राठौर रिच्छा लाल मुहा (मन्दसौर) , मुकेश राठौर भरभदिया मदनलाल राठौर, आशिक राठौर जावरा वाले, दिलीप मगरवा, शिवनारायण राठौर, जितेंद्र राठौर प्रयास, सहित बड़ी संख्या में प्रदेश सहित छत्तीसगढ़ और राजस्थान से समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन डॉ.समीक्षा राठौर एवं दिव्यानी राठौर ने तथा आभार मनोज राठौर ने माना आर.एन.राठौर सामाजिक उत्प्रेरक उभरता राठौर समाज मिशन।

## सेन समाज के आराध्य सेन महाराज फूलों से सजे रथ पर सवार होकर निकले

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • केंद्रीय समिति सेन समाज ने संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 726वीं जन्म जयंती पर सेन एकता शोभा यात्रा निकाली जिसमें समाज के आराध्य सेन महाराज फूलों से सजे रथ पर सवार होकर निकले। यात्रा में हजारों मातृशक्तियों के साथ समाजजन सम्मिलित हुए। स्वच्छता और नशा मुक्ति का संकल्प लिया। दोपहर में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सेन प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।



## टीकमगढ में 17 को श्रंमण संस्कृति के आचार्य विशुद्ध सागर देंगे जैनेश्वरी दीक्षा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • मध्यप्रदेश की पावन, धरा टीकमगढ़ एक बार फिर त्याग, तपस्या और आत्मजागरण का अद्भुत दृश्य देखने जा रही है। 17 अप्रैल शुक्रवार का वह पावन दिवस, जब श्रंमण संस्कृति के महामहिम पट्टाचार्य आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी अपने शिष्यों को जैनेश्वरी दीक्षा अपने करकमलों से प्रदान करेंगे, केवल एक महोत्सव नहीं, बल्कि आत्मपरिवर्तन का युगांतकारी क्षण होगा। आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी जिन्होंने पूरे भारत में संयम की अलख जगाई और सैकड़ों मुनियो को दीक्षित कर नमोस्तु शासन जयवंत हो को गुंजायमान किया। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया आचार्य श्री विशुद्ध सागर दीक्षा के पश्चात निरंतर भारत भूमि को कर्मस्थली बनाकर उन्होंने भगवान महावीर के अहिंसा और करुणा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। भारत भूमि पर लाखों किलोमीटर पदविहार कर ऐतिहासिक चातुर्मासों के माध्यम से उन्होंने समाज को संस्कार, संयम और धर्म मार्ग पर चलने का संदेश दिया ।



## श्री परशुराम युवा सेना द्वारा परंपरागत संस्कार यात्रा का भव्य आयोजन किया




**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • श्री परशुराम युवा सेना द्वारा परंपरागत संस्कार यात्रा का भव्य आयोजन किया गया संस्थापक पंडित वैभव पांडेय ने बताया कि इस बार यात्रा का प्रारूप बदला गया भक्तिमय भजन संध्या और महाआरती एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से महापौर पुष्यमित्र भार्गव, महामंडलेश्वर आदित्यनाथ योगी,पंडित दिनेश शर्मा, वैभव शुक्ला, संदीप दुबे, टीनू जैन, नितिन पांडेय एवं वरिष्ठ समाज सेवी और गणमान्य सदस्य एवं मातृ शक्ति संगठन भी शामिल हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी ने बताया मंच का संचालन नगर अध्यक्ष पंडित राजेश उपाध्याय ने किया व्यवस्था युवा सेना के सभी पदाधिकारियों द्वारा संभाली गई आभार महासचिव पंडित गौरव पांडेय ने माना।

## समर्या क्रिएशन ने लॉन्च किया औमोरा म्यूज़िक - सामेर अंजान के साथभारत का सबसे अलग म्यूज़िक लेबल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • भारत की क्रिएटर इकॉनमी ने आज संगीत जगत में सबसे विश्वसनीयकदम रखा। देश की पहली इंटीग्रेटेड क्रिएटर-फर्स्ट कंपनी समर्या क्रिएशनने आज मुंबई के द क्लब, अंधेरी वेस्ट में औमोरा म्यूज़िक के आधिकारिकलॉन्च की घोषणा की - और इसके संस्थापक पार्टनर हैं गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्डधारी गीतकार सामेर अंजान। यह महज़ एक म्यूज़िक लेबल नहीं है। यह उस सोच का जवाब है जो आजतक भारतीय संगीत में गायब थी - जहाँ एल्गोरिदम नहीं, कलाकार तयकरेगा कि संगीत कैसा हो। चार दशकों में 640 से ज़्यादा हिंदी फिल्मों के लिए 4,000 से अधिक गानेलिखने वाले सामेर अंजान यहाँ ब्रांड एंबेसेडर नहीं, बल्कि निर्माता हैं।औमोरा म्यूज़िक पहले से ही 150+ प्लेटफॉर्म्स पर 19 ट्रैक्स के साथलाइव है, 150+ ओरिजिनल कम्पोज़िशन रिलीज़ के लिए तैयार हैं।

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा हीरालाल वर्मा महासचिव पद पर नियुक्त

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार संगठन प्रभारी महा प्रभारी सचिव संजय कामले की सहमती से प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष निर्केश चौहान एवं कार्यकारी अध्यक्ष प्रहलाद महावर द्वारा झुग्गी झोपड़ी .प्रस्तुत प्रदेश संगठन पदाधिकारियों की नियुक्ति प्रदेश पदाधिकारियों नियुक्ति प्रस्ताव का अनुमोदन की है । इन्दौर के महमूद पठान को उपाध्यक्ष ज्योति वानखेड़े को उपाध्यक्ष हीरालाल वर्मा को महासचिव पद पर नियुक्ति पर इन्दौर के कई कांग्रेस नेताओं ने बधाई दी है ।



सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता
5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### महंगाई : बढ़ते दामों के बीच आम आदमी की जेब पर दोहरी मार

यह विचित्र बात है कि एक ओर सरकार महंगाई को नियंत्रण में रखने का दावा करती है, तो दूसरी ओर आवश्यक वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही हैं। इसका सीधा असर आम आदमी पर जरूरी खर्च में कटौती और आर्थिक परेशानियों के रूप में देखने को मिल रहा है। जब आय के साधन सीमित हों, तो आम आदमी की यही अपेक्षा होती है कि जरूरी वस्तुओं के दाम उसकी पहुंच में हों, ताकि परिवार के भरण-पोषण का संकट पैदा न हो। मगर हाल के वर्षों में आमदनी उस स्तर पर नहीं बढ़ी है, जितनी तेजी से वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। सरकार की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, खुदरा महंगाई मार्च में बढ़कर 3.4 फीसद हो गई, जबकि फरवरी में यह 3.2 फीसद के स्तर पर थी। खबरों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में संघर्ष से उत्पन्न संकट के कारण खुदरा महंगाई में वृद्धि हुई है। मगर सवाल है कि अगर सरकार आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित या स्थिर करने के लिए उचित कदम उठा रही है, तो फिर महंगाई में उछाल कैसे आ रहा है? यह बात छिपी नहीं है कि देश में सामाजिक स्तर पर आर्थिक असंतुलन एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आया है। रोजगार और आय के मामले में देश की बड़ी आबादी के लिए स्थिति अब भी संतोषजनक नहीं है। आमदनी में स्थिरता और घटती क्रयशक्ति की स्थिति में जब आवश्यक वस्तुओं पर आम लोगों का खर्च थोड़ा भी बढ़ता है, तो उनके लिए परेशानियां पैदा होना स्वाभाविक है। दरअसल, मार्च में महंगाई के आंकड़ों में बढ़ोतरी का मुख्य कारण खाद्य पदार्थों की कीमतों में इजाफा रहा। खुदरा महंगाई से इस बात का पता चलता है कि उपभोक्ताओं की खपत और खर्च की स्थिति क्या है। यही कारण है कि रिजर्व बैंक अपनी नीति तय करते वक्त खुदरा महंगाई को ही आधार बनाता है। सरकार का दावा है कि खुदरा महंगाई अभी रिजर्व बैंक के चार फीसद के औसत अनुमान से नीचे बनी हुई है। मगर, यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि अगर महंगाई दर चार फीसद के दायरे से ऊपर जाती है, तो फिर कर्ज के सस्ता होने की उम्मीद भी कम हो जाती है। आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है कि मार्च में फरवरी की तुलना में महंगाई दर का बढ़ना पश्चिम एशियाई संकट के शुरुआती प्रभाव का संकेत है। यानी अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध का मोर्चा फिर से खुलता है और यह स्थिति लंबे समय तक रहती है, तो आवश्यक वस्तुओं के दाम किस तेजी से बढ़ेंगे, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च में आलू-प्याज और कुछ दालों की कीमतों की महंगाई दर घटी है, लेकिन सोने-चांदी के आभूषण, नारियल, टमाटर और फूलगोभी के दामों में भारी बढ़ोतरी हुई। बिजली, गैस और अन्य ईंधन श्रेणी में खुदरा महंगाई मार्च में 1.65 फीसद रही, जबकि फरवरी में यह 1.52 फीसद के स्तर पर थी। यानी आम लोगों के लिए राहत कम और मुश्किलें ज्यादा बढ़ी हैं। यही नहीं, शहरी इलाकों में 3.11 फीसद की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई दर 3.63 फीसदी रही।

# राजनीति के आंगन में सनातन की अडिग ध्वजा के वाहक डॉ. नरोत्तम मिश्रा

डॉ. दुर्गेश केसवानी

भारतीय राजनीति में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जो केवल सत्ता के समीकरणों में न फंसकर, एक विचारधारा, संस्कृति और अडिग विश्वास का प्रतीक बन जाते हैं। मध्य प्रदेश की राजनीति में 'संकटमोचक' के रूप में चर्चित पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ऐसे ही व्यक्तित्व हैं। उनका जीवन और कार्य हमें यह संदेश देते हैं कि राजनीति केवल अवसरवादिता तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह समाज के सांस्कृतिक और धार्मिक मूल्यों की रक्षा का एक पवित्र दायित्व भी है।

15 अप्रैल 1960 को ग्वालियर की ऐतिहासिक भूमि पर जन्मे डॉ. नरोत्तम मिश्रा के व्यक्तित्व में चंबल की प्रचंडता और ग्वालियर की सांस्कृतिक गरिमा का अद्वितीय सम्मिलन है। उनकी शिक्षा और जीवन के प्रारंभिक संघर्षों ने उन्हें न केवल अकादमिक रूप से सशक्त किया, बल्कि उनके भीतर राष्ट्रवाद, सनातन संस्कृति और धर्म के प्रति अडिग श्रद्धा का बीज भी रोपित किया। डॉ. मिश्रा का राजनीति में प्रवेश केवल एक पेशेवर विकल्प नहीं था, बल्कि यह समाज की सेवा और भारतीय संस्कृति की रक्षा का संकल्प था।

डॉ. मिश्रा ने हमेशा यह कहा है कि भारत की आत्मा उसके मंदिरों, ग्रंथों और परंपराओं में बसी है। गृह मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल में, मध्य प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और मंदिरों के जीर्णोद्धार की जो पहल की, वह उनकी इस दृष्टि का सशक्त प्रमाण है। उज्जैन के 'महाकाल लोक' से लेकर ओरछा के 'राम राजा लोक' तक, उन्होंने हर कदम पर सनातन की गरिमा को पुनर्निर्मित किया। इन प्रयासों ने न केवल राज्य की सांस्कृतिक धरोहर को फिर से जीवित किया, बल्कि लाखों श्रद्धालुओं के लिए आस्था का नया केंद्र भी स्थापित किया।

डॉ. मिश्रा का सबसे बड़ा राजनीतिक हथियार उनका स्पष्ट दृष्टिकोण और साहसिक निर्णय थे। जब भी सनातन संस्कृति पर हमलावर शक्तियाँ सामने आईं, उन्होंने उनके खिलाफ हमेशा अपनी आवाज उठाई। लव जिहाद पर कड़ा कानून लागू करना हो या धर्म परिवर्तन पर रोक लगाने के लिए कानून बनाना, डॉ. मिश्रा ने यह सुनिश्चित किया कि धर्म की मर्यादाओं की रक्षा के लिए कानून उतना ही कठोर और स्पष्ट रहे जितना समाज के अन्य मुद्दों पर होता है।

डॉ. मिश्रा का सनातन धर्म के प्रति प्रेम दतिया में बने नवग्रह मंदिर में जीवित रूप से देख सकते हैं। दतिया को 'लघु वृंदावन' का दर्जा दिलाने में उनका अत्यधिक योगदान है, और नवग्रह मंदिर का निर्माण उनके जीवन का एक अभूतपूर्व और ऐतिहासिक कार्य है। यह मंदिर न केवल श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि सनातन धर्म के ज्योतिषीय और स्थापत्य विज्ञान का अद्वितीय संगम भी है।

दतिया का नवग्रह मंदिर दुनिया का एकमात्र ऐसा मंदिर है, जहां नौ ग्रहों के अधिष्ठाता देवों की भव्य मूर्तियाँ शास्त्रों के अनुसार स्थापित की गई हैं। यह




मंदिर न केवल आध्यात्मिक शांति का केंद्र है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और खगोलशास्त्र का एक अद्वितीय संगम भी प्रस्तुत करता है। मंदिर की स्थापत्य कला में उत्तर और दक्षिण भारतीय कला का मिश्रण है, जो डॉ. मिश्रा की कलात्मक दृष्टि और संस्कृतिपरक दृषटिकोन को दर्शाता है।

यह नवग्रह मंदिर दतिया को अंतरराष्ट्रीय धार्मिक मानचित्र पर एक प्रमुख स्थान प्रदान करता है। लाखों श्रद्धालु यहाँ आकर ग्रहों की शांति और आध्यात्मिक उन्नति के लिए पूजा अर्चना करते हैं। इससे न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिला है, बल्कि स्थानीय रोजगार के अवसरों में भी अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।

डॉ. मिश्रा को उनके प्रभावशाली भाषणों और वाकपटुता के लिए भी जाना जाता है। चाहे वह विधानसभा में हो या प्रेस कांफ्रेंस में, वे सनातन धर्म विरोधी नरेटीव को तथ्यों और तर्कों से ध्वस्त कर देते हैं। वे हमेशा कहते हैं, 'सनातन वह प्रवाह है जिसे कोई भी बांध नहीं सकता।' उनके भाषण युवाओं को प्रेरित करते हैं कि वे अपनी सांस्कृतिक धरोहर पर गर्व करें और उसे राजनीति के माध्यम से प्रोत्साहित करें।

डॉ. मिश्रा ने हमेशा संस्कृति की रक्षा के लिए आवाज उठाई है। चाहे ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर सनातन प्रतीकों का अपमान हो, या कहीं अन्यत्र सनातन के विरुद्ध कुछ हो, डॉ. मिश्रा हमेशा उसके खिलाफ खड़े हुए। उनका मानना है कि राजनीति को धर्म (कर्तव्य) के अंकुश में रहकर ही चलाना चाहिए।

सादगी और पारंपरिकता का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए, डॉ. मिश्रा ने यह सिद्ध किया है कि सत्ता के शीर्ष पर रहते हुए भी अपनी संस्कृति और परंपराओं से नाता तोड़ा नहीं जा सकता। उनकी पारंपरिक वेशभूषा और अनुष्ठान उनके सनातन धर्म के प्रति अडिग समर्पण को दर्शाते हैं।

आज, डॉ. नरोत्तम मिश्रा के जन्मदिवस पर मध्य प्रदेश और देशभर से उन्हें शुभकामनाएं दी जा रही हैं। वे केवल एक राजनेता नहीं हैं, बल्कि वे उन करोड़ों सनातनी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं, जो अपनी संस्कृति को राजनीति के माध्यम से सशक्त देखना चाहते हैं। दतिया में बना नवग्रह मंदिर उनके विराट व्यक्तित्व और सनातन धर्म के प्रति अडिग निष्ठा का प्रतीक है, जो आने वाली शताब्दियों तक उनके योगदान को याद दिलाता रहेगा।

डॉ. मिश्रा का जीवन हमें यह सिखाता है कि आधुनिकता की दौड़ में भी हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहना चाहिए। वे सनातन की ध्वजा के वाहक हैं, जो विकास और विरासत के संतुलन को समझते हैं। उनकी यह वैचारिक दृढ़ता और धर्म के प्रति अडिग निष्ठा राजनीति को एक नई दिशा प्रदान करेगी। डॉ. नरोत्तम मिश्रा को जन्मदिवस की अनंत शुभकामनाएं!

**( लेखक मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता है )**

# नारी शक्ति का उदयः संकल्प, नेतृत्व और बदलते भारत की दिशा

भारत आज एक ऐसे महत्वपूर्ण परिवर्तनकाल से गुजर रहा है, जहाँ विकास का अर्थ केवल आर्थिक उन्नति तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि सामाजिक न्याय, समान



डॉ. कविता पाटीदार

अवसर और समावेशी भागीदारी उसकी मूल धारा बन चुके हैं। इस परिवर्तन के केंद्र में नारी शक्ति का सशक्त उदय स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। लंबे समय तक महिला सशक्तिकरण एक विचार और विमर्श का विषय रहा, किंतु आज यह ठोस नीतियों और निर्णायक कदमों के रूप में साकार हो रहा है।

इसी परिप्रेक्ष्य में 'नारी शक्ति वंदन' से जुड़ा संवैधानिक प्रावधान भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण और दूरगामी पहल के रूप में सामने आया है। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का यह निर्णय केवल प्रतिनिधित्व बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शासन की संरचना को अधिक संतुलित, संवेदनशील और उत्तरदायी बनाने की दिशा में एक सशक्त प्रयास है। यह विषय वर्षों तक चर्चा में रहा, लेकिन उसे ठोस स्वरूप देने का साहसिक निर्णय आज यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय Narendra Modi जी के नेतृत्व में संभव हो पाया



है। यह स्पष्ट करता है कि जब नीयत और नेतृत्व दोनों दृढ़ हों, तब परिवर्तन केवल विचार नहीं, बल्कि वास्तविकता बन जाता है।

महिला सशक्तिकरण का वास्तविक प्रभाव तभी दिखाई देता है, जब समाज की मानसिकता में परिवर्तन आता है। पिछले कुछ वर्षों में बेटियों को लेकर जो सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हुआ है, वह इस दिशा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में किए गए निरंतर प्रयासों ने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक और अपने भविष्य के प्रति आश्वस्त बनाया है। आज बेटियाँ केवल अवसरों की प्रतीक्षा नहीं करतीं, बल्कि अपने परिश्रम और संकल्प से उन्हें प्राप्त भी करती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी महिलाएँ स्वयं सहायता समूहों और स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भरता की नई परिभाषा गढ़ रही हैं।

अपने सार्वजनिक जीवन के दौरान, विशेष रूप से जब मुझे महिला आयोग में कार्य करने का अवसर मिला, तब देशभर की महिलाओं से सीधे संवाद का अनुभव अत्यंत प्रेरणादायक रहा। उस समय मैंने यह गहराई से महसूस किया कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए नीतियाँ के साथ उनके प्रभावी क्रियान्वयन और संवेदनशील व्यवस्था की भी उतनी ही आवश्यकता होती है। अनेक बार यह विचार मन में आया कि महिलाओं को केवल सुरक्षा और संरक्षण तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में सशक्त भागीदारी दी जाए, ताकि वे स्वयं अपने जीवन और समाज की दिशा तय कर सकें। यही सोच आज माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में व्यापक स्तर पर साकार होती दिखाई दे रही है।

भारत के इतिहास में जब-जब महिलाओं को नेतृत्व का अवसर मिला है, उन्होंने अपनी दक्षता और दूरदर्शिता से समाज को नई दिशा दी है। आज आवश्यकता इस बात की है कि यह अवसर सीमित दायरे से निकलकर व्यापक स्तर पर उपलब्ध हो। जब महिलाएँ नीति-निर्माण की प्रक्रिया में अधिक संख्या में शामिल होंगी, तब शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और सामाजिक न्याय जैसे विषयों को और अधिक संवेदनशीलता के साथ प्राथमिकता मिलेगी।

यह स्पष्ट है कि महिला सशक्तिकरण केवल किसी एक वर्ग का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की मूल आधारशिला है। जब महिलाएँ सशक्त होती हैं, तो परिवार सशक्त होता है, समाज सुदृढ़ होता है और राष्ट्र प्रगति की नई ऊँचाइयों को प्राप्त करता है। आज भारत उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है, जहाँ नारी शक्ति केवल प्रेरणा का प्रतीक नहीं, बल्कि विकास और नेतृत्व की मुख्य धारा बन रही है।और हमारा सौभाग्य है कि हम इसके साक्षी बन रहे हैं । आने वाला भारत निश्चित रूप से वह भारत होगा, जहाँ नारी शक्ति राष्ट्र की प्रगति की सबसे बड़ी प्रेरक शक्ति बनकर उभरेगी।

**( लेखिका राज्यसभा सांसद है )**

## आंचलिक

## वन अमले पर हमला, दो महिला समेत 10 पर केस

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**खंडवा** • खंडवा जिले के गुड़ी वन परिक्षेत्र में जंगल की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर एक बार फिर तनाव की स्थिति बन गई। सोमवार को भिलाईखेड़ा बीट के आमाखुजरी टांडा में अतिक्रमणकारियों ने जंगल की जमीन पर हल चलाकर खेती की तैयारी शुरू कर दी थी। इस दौरान वन विभाग की टीम ने कार्रवाई की तो आरोपियों ने एकजुट होकर वन अमले के साथ झूमाझपटी की और चौकीदार से मारपीट की थी। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया हैं। वनपाल अंतरसिंह बघेल (44), निवासी गुड़ी वन परिक्षेत्र की शिकायत पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में स्न्द्धक्र दर्ज की



है। पुलिस ने रमेश, इंदर सिंह, सुरसिंह, भुवानसिंह, बुचा, गंगाराम, गणपत, सूरज, रामसिंह की पत्नी, गोरेलाल की पत्नी सहित अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 191(2), 190, 189(2), 132, 351(3) के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

## जीराबाद-केशवी जंगल में लगी आग
### कोयला बनाने के लिए आग लगाने की आशंका

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**मनावर** • धार जिले के मनावर से 25 किलोमीटर दूर जीराबाद और केशवी गांव के बीच स्थित जंगल में मंगलवार शाम भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से बड़ी संख्या में पेड़-पौधे और झाड़ियां जलकर राख हो गई हैं। राहगीरों ने जंगल की आग का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया है।

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि गर्मी के मौसम में सूखे पेड़ों से कोयला बनाने के लिए जानबूझकर आग लगाई जाती है। ग्रामीण मुकेश सिंह के अनुसार, कुछ लोग जले हुए पेड़ों से कोयला बनाकर बेचने के लालच में इस तरह की वारदातों को अंजाम देते हैं। मंगलवार शाम तक आग बुझाने के ठोस प्रयास नहीं देखे गए। जंगल में लगी आग इतनी भीषण थी कि मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों ने इसके वीडियो रिकॉर्ड किए। स्थानीय निवासियों का कहना है कि हर साल गर्मियों में कमाई के उद्देश्य से जंगलों को इसी तरह



नुकसान पहुँचाया जाता है। केशवी के जंगलों में लगी आग के पीछे भी इसी मंशा को मुख्य कारण बताया जा रहा है।

## युवा मोर्चा से ओबीसी जिलाध्यक्ष बने अनूप पटेल

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**खंडवा** • खंडवा जिला बीजेपी ने मोर्चा संगठनों की घोषणाएं शुरू कर दी हैं। एससी और एसटी मोर्चा के बाद अब ओबीसी मोर्चा के लिए अनूप पटेल को जिलाध्यक्ष की कमान दी गई हैं। मंत्री विजय शाह के करीबी अनूप पटेल फिलहाल पुरानी कार्यकारिणी के हिसाब से युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष भी हैं।

इधर, बीजेपी ने अनूप पटेल को ओबीसी मोर्चा का जिम्मा देकर कुनबी पटेल समाज को साधने की कोशिश की हैं। दरअसल, जिला कांग्रेस कमेटी ने भी अपने दो ब्लॉक अध्यक्ष कुनबी पटेल से दिए हैं। इसी के मद्देनजर बीजेपी ने भी समाज को प्रतिनिधित्व दिया हैं। हालांकि, अनूप पटेल के ओबीसी जिलाध्यक्ष बनने से बाकी मोर्चा संगठनों में पटेल समाज से दावेदारी कर रहे युवा और नेताओं



को पीछे हटना पड़ सकता हैं।

खास बात यह है कि, युवा मोर्चा अध्यक्ष के लिए सांसद समर्थक सागर आरतानी के सामने पटेल समाज के शुभम पटेल मजबूती से डटे हुए हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े शुभम पटेल का जमीनी जुड़ाव काफी बेहतर हैं। छात्र संगठन के माध्यम से युवाओं में उनकी अच्छी पैठ भी हैं। वहीं देखा जाए तो भाजपा संगठन में इस वक्त पेशेवर नेताओं को जगह दी जा रही हैं। ऐसे ग्रामीण और आम कार्यकर्ता उपेक्षित हो रहे हैं।

## भोजन-पानी की तलाश में शहर पहुंचे बंदर :खरगोन में 40 डिग्री पहुंचा तापमान

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**खरगोन** • खरगोन में पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होने के बाद गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है और दिन का तापमान 40 डिग्री व रात का तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं, जंगलों में भोजन-पानी की कमी के चलते वन्य प्राणी अब शहरों की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे सेगांव में बंदरों के झुंड ने व्यापारियों को परेशान कर दिया है। वर्तमान में तेज गर्मी के कारण दोपहर में मुख्य बाजारों में चहल-पहल कम हो गई है और मौसम वैज्ञानिकों ने आने वाले दिनों में तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान जताया है। जंगलों में भोजन और पानी की कमी के चलते वन्य प्राणी शहरों की ओर रुख कर रहे हैं। सेगांव में बंदरों के झुंड से स्थानीय व्यापारी खासे परेशान हैं। ये बंदर दुकानों पर आकर फल खा रहे हैं और नुकसान पहुंचा रहे हैं। एक व्यापारी श्याम गुप्ता ने बताया कि, 'बंदर खाने से ज़्यादा फलों को बर्बाद कर रहे हैं।' हाल ही में बंदरों द्वारा एक महिला को पोटली सहित गिराने की घटना भी सामने आई है, जिससे स्थानीय लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। खरगोन में पिछले तीन दिनों से तापमान में प्रतिदिन लगभग 1 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की जा रही है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के कारण आने वाली नमी कम हो गई है और अब शुष्क हवाएं चली।

## वाहन चालक ने बेच दिए 92 में से 55 भेड़-बकरी : राजस्थान का ट्रक धामनोद में हुआ था खराब, ढाई महीने बाद मामला दर्ज

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**धामनोद** • धार जिले के धामनोद में 55 भेड़-बकरियों को पशु मालिक की अनुमति के बिना बेचे जाने का मामला सामने आया है। घटना दो महीने पहले 30 जनवरी की है। पुलिस ने ढाई महीने बाद मामला दर्ज कर लिया है। धामनोद थाना प्रभारी विजय वास्कले ने बताया कि खेमराज के आवेदन पर, अमानत में खयानत का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। जीरो पर कायमी कर कर्नाटक के गांधी चौक बीजापुर थाने भेज दिया गया है।पिकअप वाहन चालक खेमाराम जाट ने 27 जनवरी 2026 को नागौर जिले के पुष्कर स्थित वी.के. गोट फार्म से 92 पशु (30 भेड़, 31 बकरे और 31 बकरियां) केरल के कासरगोड में खरीदार अब्दुल्ला तक पहुंचाने का अनुबंध किया था। खेमाराम अपने वाहन (आरजे 01 जीडी 6340) से रवाना हुए, लेकिन 28 जनवरी को धार जिले के धामनोद थाना क्षेत्र में उनका वाहन तकनीकी खराबी के कारण रुक गया।

## सांसद ने परियोजना की धीमी गति को बताया 'चींटी चाल'

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**खरगोन** • खरगोन की बिंजलवाड़ा माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना की धीमी गति को सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने 'चींटी की चाल' बताया है। यह टिप्पणी भारतीय किसान संघ के आंदोलन के नौवें दिन आई, जहां किसानों ने सांसद और विधायक के गुमशुदा पोस्टर लहराकर रैली निकाली। परियोजना में देरी के लिए एनवीडीए ने पाइप की कमी को जिम्मेदार बताया है, जबकि किसान धरनास्थल पर ही जनप्रतिनिधियों से चर्चा करने पर अड़े हैं। मंगलवार को सांसद पाटिल ने एनवीडीए के अधिकारियों से बात की और उन्हें किसानों से बातचीत कर समझाइश देने के निर्देश दिए। उन्होंने माना कि परियोजना में देरी हुई है और किसानों की मांगें जायज हैं।

# आईपीएल में आज होगा आरसीबी और सुपर जायंट्स में मुकाबला

**बेंगलुरु (एजेंसी)** ● आईपीएल में बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा। इस मैच में जहां आरसीबी अपने घरेलू मैदान में जीत दर्ज करना चाहेगी। वहीं सुपरजायंट्स भी जीत के लिए पूरा प्रयास करेगी। आरसीबी का इस सत्र में काफी अच्छा प्रदर्शन रहा है। ऐसे में वह जीत की प्रबल दावेदार रहेगी। उसके पास विराट कोहली, फिल साल्ट, रजत पाटीदार और टिम डेविड जैसे अच्छे बल्लेबाज हैं। टीम ने अभी तक के मैचों में 200 से अधिक रन बनाये हैं। वह अंक तालिका में भी तीसरे स्थान पर है।

वहीं दूसरी ओर, लखनऊ सुपर जायंट्स का अब तक का प्रदर्शन सामान्य रहा है। पिछले मैच में उसे गुजरात टाइटन्स के खिलाफ हार मिली थी। टीम के कप्तान ऋषभ पंत भी अब तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं1 टीम में निरंतरता की भी कमी है। अब सुपर जायंट्स का लक्ष्य किसी भी




प्रकार से ये मैच जीतकर अपनी लय हासिल करना होगा।

बेंगलुरु के मशहूर चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच पर बड़े स्कोर बनते हैं। ऐस में इस मैच में रोमांचक मुकाला होना तय है। अब तक दोनो टीमों के बीच 6 मैच खेले गये हैं जिसमें से आरसीबी ने 4 जबकि सुपर जायंट्स ने 2 जीते हैं। दोनो ही टीमों की संभावित अंतिम ग्यारह

**बेंगलुरु**–विराट कोहली, फिल साल्ट, रजत पाटीदार (कप्तान), क्रुणाल पंड्या, टिम डेविड, जितेश शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, मंगेश यादव। भुवनेश्वर कुमार, जैकब डफी, सुयश शर्मा

**लखनऊ**–मिशेल मार्श, एडेन मार्कराम, ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), निकोलस पूरन, अब्दुल समद, मुकुल चौधरी, जॉर्ज लिंडे, मोहम्मद शमी, अवेश खान, दिग्वेश सिंह राठी, प्रिंस यादव इम्पैक्ट प्लेयर : आयुष बडोनी

# धोनी फिट हुए, 19 अप्रैल को सनराइजर्स के खिलाफ मैच से कर सकते हैं वापसी

**मुंबई (एजेंसी)** ● चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी फिट हो गये हैं और उनके 19 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद से होने वाले मैच से वापसी की संभावनाएं हैं। धोनी के नहीं होने से सीएसके काफी कठिन हालातों से गुजर रही है। उसे शुरुआती तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में धोनी के प्रशंसक चाहते हैं कि वह शीघ्र वापसी करें। प्रशंसकों को उम्मीद थी वह वह मंगलवार को केकेआर के खिलाफ मैच में उतरेंगे पर प्रबंधन ने इससे इंकार करते हुए कहा था कि वह धोनी की फिटनेस को लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहता।

44 साल के धोनी 2026 सत्र की शुरुआत से ही पिंडली की चोट परेशान रहे हैं। उनके बाहर होने से सीएसके टीम में नेतृत्व क्षमता और फिनिशिंग की कमी दिखी। इसी कारण सीएसके इस बार अंक तालिका में भी काफी नीचे हैं। उनके नहीं होने से विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संजू सैमसन निभा रहे हैं।

सीएसके की मेडिकल टीम धोनी को जल्दबाजी में पूरी समय मैदान पर उतारने का खतरा मोल नहीं लेना चाहती है।




एमएस धोनी 19 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिाफ खेल सकते हैं पर ये तय है कि वह इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर ही उतरेंगे। वैसी भी धोनी पिछले आईपीएल सत्र से ही अंतिम ओवरों में उतरने के बाद भी मैच का रुख बदल देते हैं।

# जन नायकन को सिनेमाघरों में बड़े पर्दे पर देखें : पूजा हेगडे

**मुंबई (एजेंसी)** ● बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जन नायकन' के फुटेज के इंटरनेट पर लीक होने पर अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने अपने दर्शकों से अपील की है कि वे फिल्म का इंतजार करें और इसे सिनेमाघरों में बड़े पर्दे पर देखें, ताकि पूरी टीम की मेहनत का सम्मान हो सके। एक बयान जारी करते हुए पूजा हेगड़े ने कहा, मेरे प्यारे दर्शकों, एक फिल्म अनगिनत घंटों की मेहनत, रचनात्मक जोखिम और पूरी टीम की व्यक्तिगत कुर्बानियों का परिणाम होती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि फिल्म को ऑनलाइन लीक होते और गैर-कानूनी तरीके से साझा होते देखना बेहद दुखद है।

यह सिर्फ कमाई का नुकसान नहीं, बल्कि हर कलाकार और टेक्नीशियन की मेहनत और इज्जत को भी छीन लेता है। पूजा ने विशेष रूप से यह भी उल्लेख किया कि यह विजय की आखिरी फिल्म है, और हर कोई इसे बड़े पर्दे पर सही तरीके से देखने और उसका जश्न मनाने का हकदार है। उन्होंने दर्शकों से अनुरोध किया, चलिए, थोड़ा इंतजार करते हैं। फिल्म सही समय पर रिलीज होगी। पायरेसी को बढ़ावा न दें।



इसी तरह सिनेमा और कला जिंदा रहेंगे। दूसरी ओर, फिल्म के प्रोडक्शन हाउस, केवीएन प्रोडक्शंस ने भी इस घटना पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की। प्रोड्यूसर्स ने एक आधिकारिक बयान जारी कर बताया कि फिल्म के कुछ सीन और क्लिप गैर-कानूनी तरीके से लीक हो गए हैं। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि व्हाट्सएप, टेलीग्राम, इंस्टाग्राम, फेसबुक, यूट्यूब, टोरेंट या किसी भी अन्य माध्यम से लीक कंटेंट को डाउनलोड करना, देखना, साझा करना या स्टोर करना कॉपीराइट कानून का उल्लंघन है और एक गंभीर अपराध है।

# गौरवपूर्ण वापसी पर भावुक हुई एक्ट्रेस सेलिना जेटली

**मुंबई (एजेंसी)** ● हाल ही में 61वें फेमिना मिस इंडिया पेजेंट में बॉलीवुड एक्ट्रेस सेलिना जेटली ने अपनी गौरवपूर्ण वापसी की, जिसने उन्हें 21 साल बाद उसी मंच पर फिर से खड़ा कर दिया जहाँ से उनके सपनों की उड़ान शुरू हुई थी। अपनी इस खास और भावनात्मक शाम की यादें साझा करते हुए सोशल मीडिया पर सेलिना ने इसे पूरा सर्कल पूरा होने का एक गहरा अहसास बताया। उनकी वापसी ने न केवल उनके प्रशंसकों को उत्साहित किया, बल्कि कई युवा प्रतियोगियों को भी प्रेरित किया, जिन्होंने उन्हें एक पथप्रदर्शक के रूप में देखा। साल 2001 की मिस इंडिया और मिस यूनिवर्स रनर-अप रही सेलिना ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ शानदार तस्वीरों के साथ लिखा, अबाउट लास्ट नाइट। 61वां फेमिना मिस इंडिया पेजेंट। मैं वहीं वापस आ गई जहां से इसकी शुरुआत हुई थी। इस बार, 2001 में मिस इंडिया का प्रतिष्ठित खिताब जीतने वाली सेलिना ने नई पीढ़ी की युवा प्रतियोगियों को ताज पहनाने का महत्वपूर्ण जिम्मा संभाला। उन्होंने बताया कि शुरुआती विजेताओं को ताज पहनाना उनके लिए बेहद खास और भावुक अनुभव था। सेलिना ने उन सभी युवा महिलाओं के सफर की शुरुआत देखी, जो अपने राज्यों का प्रतिनिधित्व करेंगी और अपने सपनों,



ताकत व लक्ष्यों के साथ चमकेंगी। इस यादगार शाम के लिए, सेलिना ने रॉकी स्टार द्वारा डिज़ाइन की गई एक खूबसूरत ड्रेस पहनी थी और दासानी ब्रदर्स के एक करोड़ रुपए मूल्य के हीरों-माणिकों से सजी ज्वेलरी धारण की थी। खास बात यह रही कि उन्होंने अपना मेकअप और हेयरस्टाइल खुद ही किया।

## उज्जैन संभाग

# उज्जैन-झालावाड़ नेशनल हाईवे पर किसानों का चक्काजाम : यात्री परेशान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● उज्जैन में भारतीय किसान संघ ने मंगलवार को सैकड़ों किसानों के साथ उज्जैन-झालावाड़ नेशनल हाईवे पर चक्काजाम कर दिया, जिससे बड़ी संख्या में वाहन फंस गए। करीब दो घंटे तक चले जाम को खुलवाने के लिए अधिकारी लगातार प्रयास करते रहे, लेकिन किसान जिला आपूर्ति अधिकारी शालू वर्मा को हटाने की मांग पर अड़े रहे। घट्टिया, नजरपुर, निपानिया, जैथल, पिपलिया हरजी और घोंसला सहित आसपास के गांवों के किसान प्रदर्शन में शामिल हुए। घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम निपानिया गोयल में किसानों ने स्लॉट बुकिंग में देरी, सत्यापन की दिक्कतों और घंटों लाइन में खड़े रहने की परेशानी के विरोध में यह कदम उठाया। दोपहर करीब 12 बजे शुरू हुआ प्रदर्शन 2 बजे तक जारी रहा, जिससे हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। भीषण गर्मी में बसों और अन्य वाहनों में सवार यात्री भी परेशान होते रहे। मौके पर एसडीएम राजाराम करकरे, डीएसपी भारत सिंह यादव, थाना प्रभारी करण खोवाल और तहसीलदार आदर्श शर्मा



पहुंचे और किसानों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन खबर लिखे जाने तक किसान अपनी मांगों पर डटे रहे। जिला आपूर्ति अधिकारी शालू वर्मा के खिलाफ किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। प्रदर्शन के दौरान किसान उन्हें मौके पर बुलाने के लिए लगातार नारेबाजी करते रहे, लेकिन करीब दो घंटे तक उनके नहीं पहुंचने से आक्रोश और बढ़ गया। नाराज किसानों ने 'मुर्दाबाद' के नारे लगाते हुए उन्हें उज्जैन से हटाने की मांग की। किसानों ने आरोप लगाया कि जिला आपूर्ति अधिकारी शालू वर्मा और महिदपुर की फूड अधिकारी सुरभि जैन के कारण उन्हें लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिले के करीब 42 हजार सर्वे नंबरों का पंजीयन सत्यापन नहीं हो पा रहा है, जबकि सैटेलाइट के माध्यम से कई पंजीयन असत्यापित हो गए हैं। छोटे किसानों को स्लॉट बुकिंग नहीं मिल रही, जिससे उनकी उपज खरीदी की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। किसानों का कहना है कि कई बार फूड इंस्पेक्टर से शिकायत करने के बावजूद कोई समाधान नहीं हुआ, जिसके चलते आक्रोशित होकर उन्हें चक्काजाम का सहारा लेना पड़ा।

# सिंहस्थ मेले में पार्किंग और घाट मार्ग को सुगम बनाएं

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● उज्जैन के सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने सिंहस्थ 2028 के दौरान बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहन पार्किंग के लिए प्रस्तावित स्थानों का निरीक्षण किया। संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि पार्किंग स्थल से घाट तक आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पहुंच मार्ग सुगम रखें जाएं।

श्रद्धालुओं को शिप्रा घाट तक पहुंचने में कोई परेशानी नही हो। प्रमुख स्नान के दिनों के लिए वैकल्पिक पार्किंग का प्लान भी रखें, जिससे अधिक वाहनों के आने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था रहे।

सिंहस्थ महापर्व 2028 को भव्य रूप दिया जा रहा है। करोड़ों श्रद्धालुओं को सहज, सुगम यातायात सुविधा के लिए बेहतर इंतजाम के लिए प्रशासन की टीम कार्य कर रही है। सोमवार को संभागायुक्त और कलेक्टर ने नियमित निरीक्षण के दौरान सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के अंतर्गत इंदौर-देवास



की ओर से आने वाले वाहनों के लिए प्रशासन द्वारा प्रस्तावित पार्किंग स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया।

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्राम गंगेडी, धरमबड़ला, सिकंदरी, दाऊदखेड़ी, हाटकेश्वर एवं गोठड़ा क्षेत्रों का दौरा कर वहां विकसित किए जाने वाले पार्किंग प्रबंधन का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त ने पार्किंग स्थलों से श्रद्धालुओं के शिप्रा नदी घाट क्षेत्रों तक सुरक्षित एवं व्यवस्थित आवागमन के लिए संभावित मार्गों एवं व्यवस्थाओं का भी परीक्षण किया।

कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि सिंहस्थ महापर्व पर पार्किंग एक मुख्य कार्य है, इस पर सभी के समन्वय कर विस्तृत कार्य योजना जल्दी तैयार की जाये। निरीक्षण के दौरान उज्जैन विकास प्राधिकरण सीईओ संदीप सोनी, एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक राजेश राठौर, यातायात डीएसपी दिलीप परिहार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# अंतरधार्मिक दंपति ने उज्जैन में मां बगलामुखी से मांगी सुरक्षा

**दैनिक इंदौर संकेत**



**उज्जैन** ● लगातार मिल रही धमकियों और असुरक्षा के माहौल के बीच रतलाम निवासी एक अंतरधार्मिक दंपति ने देवी की शरण लेकर सुरक्षा की गुहार लगाई। तबस्सुम शेख उर्फ रानी शर्मा और उनके पति भरत शर्मा मंगलवार को मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विशेष पूजा-अर्चना और हवन-यज्ञ किया। दंपति का कहना है कि वर्ष 2019 में अंतरधार्मिक विवाह के बाद से उन्हें लगातार विरोध और धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। उनके मुताबिक, कई बार जान से मारने की धमकियां दी गईं और हमले के प्रयास भी हुए। हालात ऐसे बने कि उन्हें उज्जैन, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और रतलाम सहित कई शहरों में बार-बार ठिकाने बदलने पड़े, लेकिन खतरा कम नहीं हुआ। दंपति ने आरोप लगाया कि उनके घर की रेकी तक की जा रही है। इस संबंध में पुलिस से शिकायत भी की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने यह भी कहा कि कोर्ट के आदेश पर मिली सुरक्षा अचानक हटा ली गई। बिना किसी लिखित आदेश के गनमैन वापस बुला लिया गया।

# 21 दिन तक खराब नहीं होगी सब्जियां विक्रमादित्य विवि में संगोष्ठी



## यह खोज खाद्य भंडार में बड़ी उपलब्धि-वैज्ञानिक

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में मंगलवार को आयोजित एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें वैज्ञानिकों ने बताया कि सब्जियों को 21 दिन तक सुरक्षित रखने वाली नई तकनीक की खोज हुई है। आयोजन 'रासायनिक नवाचार के नवीन क्षितिज: सूक्ष्म अणुओं से चिकित्सीय समाधान तक' विषय पर आयोजित किया गया था, जिसमें देश विदेश के वैज्ञानिकों ने भाग लिया। संगोष्ठी का मुख्य आकर्षण द्गद्गञ्ज इंदौर के प्रो. देबायन सरकार का व्याख्यान रहा। उन्होंने प्रिसिजन डिअरोमैटाइजेशन तकनीक पर विस्तार से जानकारी दी, जिसमें अणुओं की संरचना बदलकर अधिक प्रभावी दवाएं तैयार की जा सकती हैं। इसी दौरान उन्होंने एक नई तकनीक भी बताई, जिससे सब्जियों को बिना किसी नुकसान के करीब 21 दिनों तक सुरक्षित रखा जा सकता है। इस खोज को खाद्य सुरक्षा और भंडारण के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। मुख्य वक्ता के रूप में नॉर्वेजियन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की डॉ. एलिजाबेथ एगहोम जैकबसेन ने कीमो एंजाइमेटिक संश्लेषण पर अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि यह तकनीक दवाओं के निर्माण को ज्यादा सटीक बनाती है, जिससे उनकी प्रभावशीलता बढ़ती है और साइड इफेक्ट कम होते हैं। इसे ग्रीन केमिस्ट्री की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

न्यूज ब्रीफ

## महारत्न इंदौर अलंकरण सम्मान समारोह 19 को

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • कवि, कला और कलाकार कल्याण कोष एवं विश्व ब्राह्मण समाज संघ द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन दिनांक 19 अप्रैल 2026 रविवार को हिंदी साहित्य भवन इंदौर में किया जा रहा है। इसमें अलग अलग सेवा क्षेत्र की 151 प्रतिभाओं को महारत्न इंदौर अलंकरण सम्मान 2026 से सम्मानित किया जाएगा। प्रमुख अतिथि मध्य प्रदेश केबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट जी एवं योगेंद्र महंत जी पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त मध्यप्रदेश शासन मुख्य अतिथि होंगे ।पंडित जगदीश पचौरी (समाजसेवी) तथा विशेष अतिथि शेखर चौधरी (नगर उपाध्यक्ष) भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा इंदौर एवं (प्रदेश उपाध्यक्ष) मध्य प्रदेश केन्द्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन दिल्ली एव मति अनिता चौहान जॉइंट डायरेक्टर संभाग इंदौर, वह महेंद्र शर्मा निज सहायक माननीय मंत्री एवं अध्यक्ष शिक्षक पेड़ी इंदौर एव जय दुबे समाजसेवक इंदौर, डॉक्टर विजय कुमार मालवीय समाजसेवी इंदौर होंगे।

## नारी आरक्षण विधेयक पर समूह चर्चा का आयोजन आज शाम

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • स्टेट प्रेस क्लब, मप्र की ओर से नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण) को लेकर एक महत्वपूर्ण समूह चर्चा का आयोजन किया जा रहा है। यह चर्चा मंगलवार, 14 अप्रैल को अभिनव कला समाज सभागार में होगी। समूह चर्चा शाम 4:30 बजे शुरू होगी। इस चर्चा का मुख्य उद्देश्य संसद में सितंबर 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम की गहराई से समीक्षा करना है। वर्तमान में केंद्र सरकार 16, 17 और 18 अप्रैल को संसद का विशेष सत्र बुला रही है, जिसमें महिला आरक्षण कानून में संशोधन संबंधी दो महत्वपूर्ण विधेयक पेश किए जाने की संभावना है।

# अवैध खनन को लेकर जनपद सीईओ एसडीएम आमने सामने

**निलेश चौहान : 94250-77209**

**देपालपुर • दैनिक इंदौर संकेत**

इंगोरिया देपालपुर रोड के निर्माण कार्य में मिट्टी को लेकर अब देपालपुर के दो अधिकारी आमने-सामने होते दिखाई दे रहे। एक तरफ अवैध खनन को लेकर देपालपुर जनपद सीईओ पूजा मालाकार ने पंचायत के सचिवों को तालाब खुदाई के लिए स्पष्ट मना किया है। वही दूसरी तरफ देपालपुर एसडीएम प्रदीप सोनी ने पंचायत सचिव और सरपंच को खड़े रहा कर खुदाई करने के लिए मौखिक आदेशित कर रहे हैं। मामला इंगोरिया से देपालपुर रोड निर्माण को लेकर उसमें लग रही मिट्टी जैनको इंटरप्राइजेज द्वारा लगातार गोकलपुर तालाब में अवैध मिट्टी का उत्खनन किया गया, जिसको लेकर ग्रामीणजनों ने तहसीलदार से लेकर उच्च अधिकारियों तक शिकायत की थी। तहसीलदार नागेंद्र त्रिपाठी मौके पर पहुंचकर कार्यवाही भी की, लेकिन इस कार्यवाही को


मिलीभगत अवैध खनन की कार्यवाही में अधिकारियों की लीपापोती

खनिज विभाग की लापरवाही से ठेकेदार के हौसले बुलंद

निलेश चौहान : 94250-77209

देपालपुर • दैनिक इंदौर संकेत

मामला इंगोरिया देपालपुर रोड के निर्माण का जिसका कार्य जैनको इंटरप्राइजेज द्वारा किया जा रहा, इस रोड पर लगने वाली मिट्टी का अवैध खनन गोकलपुर और मेंढकवास में किया गया, जिसके शिकायत नायब तहसीलदार नागेंद्र त्रिपाठी और खनिज विभाग के अधिकारी आलोक अग्रवाल के समक्ष की गई। लेकिन खनिज विभाग के अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे, नायब तहसीलदार ने कार्यवाही कर डंपर और पोकलेन मशीन जप्त कर खड़ी करवा दी, लेकिन ठेकेदार ने अपना रसूख दिखाकर खड़े डंपर और पोकलेन मशीन गायब करवा दी, जिसमें ठेकेदार पर लूट और चोरी के आरोप भी लगाए गए थे, लेकिन ठेकेदार ने मामले में सेटिंग जमा कर वापस गोकलपुर तालाब में खुदाई का काम शुरू कर दिया,

नियम कहता है ग्राम पंचायत से 3 फीट खुदाई की परमिशन दी जाती है, लेकिन अवैध खनन माफिया इसका दुरुपयोग कर धरती को छलनी करने का काम करते हैं। पश्चिमी रिंग रोड के लिए भी इसी प्रकार गांव गांव में अवैध मिट्टी का खनन कर मिट्टी निकालने का काम चल रहा है।

जिसकी भनक गांववालों को लगी तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर काम रुकवाया। ठेकेदार को अनुमति दिखाने का कहा लेकिन मौके पर ठेकेदार अनुमति नहीं दिखा पाया और ग्रामीणों को अपना रुबाब दिखाने लगा ठेकेदार ने दो पोकलेन मशीन से लगभग 10 डंपर मिट्टी का खनन कर लिया और मिट्टी ले जाने का प्रयास किया गया गांववालों के विरोध के बाद दोनों पोकलेन मशीनों को बाहर खड़ा किया गया। गांववालों ने जिम्मेदार अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए।

जिम्मेदार बने अंजान

खनिज विभाग के अधिकारी आलोक अग्रवाल सवालों के घेरे में है शिकायत और अवैध खनन की जानकारी होने के बावजूद भी अबतक खनिज विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। कहीं ना कहीं इनकी कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में है, लेकिन अब देखना होगा आलोक अग्रवाल अवैध खनन मामले में क्या कार्यवाही करते हैं, देपालपुर एसडीएम प्रदीप सोनी को भी अवैध खनन की जानकारी है वह खुद भी एक दिन मौके पर पहुंचे थे लेकिन उन्होंने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया और दूसरे ही दिन ठेकेदार ने अवैध खनन का काम चालू कर दिया एसडीएम की कार्यशैली से गांववाले खफा हैं, कलेक्टर के बाद तहसील का जिम्मा एसडीएम के पास होता है, लेकिन उन्होंने भी अब तक कोई बड़ी कार्यवाही नहीं की।

देपालपुर एसडीएम प्रदीप सोनी ने मजाक बनाकर रख दिया। ग्रामीण क्षेत्र से लगातार देपालपुर जनपद को शिकायत मिल रही थी कि गांव-गांव में अवैध खनन हो रहा है, जिसको लेकर जनपद सीईओ देपालपुर में मीटिंग बुलाई और सभी पंचायत के सचिवों को तालाब खुदाई ना होने के लिए निर्देश दिए इतना ही नहीं जनपद सीईओ ने अपने कड़क अंदाज में सचिव को कहा कि कहीं भी अवैध खुदाई का काम हुआ तो पंचायत सचिवों की तनख़ा काटी जायेगी। सूत्र बताते हैं कि देपालपुर एसडीएम प्रदीप सोनी ने गोकलपुर पंचायत सचिव और सरपंच को गोकलपुर तालाब खुदाई में सहयोग के लिए कहा इतना ही नहीं जैनको इंटरप्राइजेज द्वारा ली जा रही मिट्टी में आप उनका सहयोग करें, लेकिन अवैध खनन



नियम के विरुद्ध है गांववाले लगातार अवैध खनन को लेकर विरोध कर रहे। जानकारी में यह भी पता चला एमपीआरडीसी के अधिकारी और ठेकेदार ने एसडीएम से मुलाकात की थी ठीक उसके बाद तालाब खुदाई कार्य वापस चालू किया गया। एसडीएम प्रदीप सोनी की कार्यप्रणाली पर कही बड़े सवाल खड़े हो गए। क्योंकि एक तरफ जनपद सीईओ तालाब ना खोदने की हिदायत दे रही है। वहीं दूसरी तरफ एसडीएम खनन माफिया का पक्ष में खड़े नजर आए उन्होंने गोकलपुर में कल फिर मिट्टी निकलवा ने का काम चालू करवा दिया। जिससे स्पष्ट होता है कि एसडीएम और जनपद सीईओ आमने-सामने है। जानकारी में हम आपको बता दें एसडीएम प्रदीप सोनी पहले भी विवादों में रहे हैं। इंदौर से इनका ट्रांसफर देपालपुर किया गया, जहां इनका प्रमोशन होना था, वहां इनका डिमोशन हुआ इंदौर में भी कहीं अधिकारियों से इनकी पटरी नहीं बैठती सूत्र बताते हैं इनके खिलाफ भी विभागी जांच चल रही है। इन्होंने इंदौर की कही सरकारी जमीनो को भूमाफिया के नाम करवा दिया। इसीलिए इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा भी इनके काम से नाराज थे। उन्होंने तत्काल कॉलोनी सेल से हटाकर देपालपुर भेज दिया, लेकिन यहां भी एसडीएम की कार्य प्रणाली संदेह के घेरे में नजर आ रही है। गांववालों का कहना है एसडीएम ने समय रहते हैं अवैध खनन नहीं रोका तो हम इसकी शिकायत संभागायुक्त और इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा को लिखित में करेंगे। गोकलपुर के ग्रामवाशियो में भारी आक्रोश है सत्ता में बैठे अधिकारी लगातार अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं, क्या सरकार की आंखों में अधिकारी धूल झोंकने का काम कर रहे हैं अब देखना होगा। इस मामले को जिम्मेदार अधिकारी कितनी गंभीरता से लेते हैं और क्या कार्रवाई करते हैं।

## बिल्डर विवेक दम्मानी से गैंगस्टर लॉरेंस के शूटर ने पांच करोड़ मांगे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर शहर के बिल्डर विवेक दम्मानी को लॉरेंस विश्नोई गैंग के शूटर हैरी बॉक्सर ने काल कर पांच करोड़ रुपये की मांग की है। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे वॉट्सएप कॉल आया था। हैरी उर्फ हरिचंद्र बॉक्सर ने धमकाते हुए कहा कि रुपये न देने पर अंजाम बुरा होगा। उसने विवेक के परिवार के बारे में बातें भी बताई। कॉल कट करने के बाद हैरी ने एक वाइस मैसेज भेजा।

मंगलवार को पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह को शिकायत कर क्राइम ब्रांच में आवेदन भेजा। शाम को पुलिस ने हैरी बॉक्सर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की। एसआई राजेश रघुवंशी की टीम को जांच में लगाया गया है। रात में ही दम्मानी की सुरक्षा में एसएएफ के दो सशस्त्र जवान तैनात किए गए। एसआईटी के एडीजी डी.



श्रीनिवास वर्मा को भी मामले की रिपोर्ट भेजी गई है।

शुरुआती जांच क्राइम ब्रांच ने की थी, लेकिन लगातार बढ़ रही घटनाओं को देखते हुए डीजीपी कैलाश मकवाणा ने विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया, जिसकी कमान एसटीएफ के एडीजी डी. श्रीनिवास वर्मा को सौंपी गई। दल में डीआईजी राहुल लोढा को भी शामिल किया गया था। टीम ने इंदौर, भोपाल, अशोक नगर की केस डायरी तो मंगवाई, लेकिन खास जानकारी नहीं मिल पाई। तुकोगंज पुलिस कांट्रेक्टर संजय जैन को धमकाने के मामले में आरोपित मनीष जांगिड़ को गिरफ्तार कर चुकी है।

## नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में शामिल हुए सीएम, बोले- देश विकास और प्रगति के पथ पर अग्रसर; स्टेज पर सिर्फ महिलाएं ही आई नजर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर के राजेंद्र नगर स्थित लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में आयोजित नारी शक्ति सम्मेलन में शामिल होने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास और प्रगति के पथ पर अग्रसर है। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना लक्ष्य है।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी महिलाओं के हित में लगातार निर्णय लेकर उन्हें अधिकार देने के साथ सशक्त बना रहे हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम 21वीं सदी के अहम फैसलों में शामिल है और इसके लागू होने से महिलाओं का सशक्तिकरण तेजी से होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों का पालन करते हुए मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक



से मुक्ति दिलाकर महिलाओं के हित में नया इतिहास रचा। साथ ही अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर निर्माण कराया गया। इंदौर देवी अहिल्याबाई का शहर और स्वर कोकिला लता मंगेशकर की जन्मस्थली है। जिस सभागृह में कार्यक्रम आयोजित हुआ, वह उनकी स्मृति में निर्मित है। कार्यक्रम में कला, संस्कृति, उद्यम, साहित्य आदि क्षेत्रों की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवी अहिल्या बाई प्रजा हितैषी और सुशासन की उत्कृष्ट मिसाल थीं। उनके शासन में सुख-शांति और खुशहाली थी। संकट के समय उन्होंने महिलाओं को संगठित कर एक विशाल महिला सेना बनाई और इसी नारी शक्ति के बल पर पेशवा को पराजित करने के लिए मजबूर किया। उन्होंने कहा कि भले ही दुनिया के अधिकांश देशों में पुरुष सत्ता विद्यमान हो, लेकिन भारत में मातृ शक्ति को प्रधानता दी गई है। पृथ्वी को भी माता कहा जाता है और हम भारत माता की जय कहते हैं। हमारे यहां प्राचीन समय से महिलाओं को आदर और सम्मान प्राप्त है। योगेश्वर श्रीकृष्ण को भी यशोदा नंदन कहा जाता है, जिनके स्नेह की कथाएं आज सुनाई जाती हैं।

**राष्ट्रधर्म के लिए पन्नाधाय ने पुत्र का बलिदान**-मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मेवाड़ में राष्ट्रधर्म के लिए पन्नाधाय ने अपने पुत्र का बलिदान किया था। आज से करीब 500 वर्ष पूर्व जबलपुर में पराक्रमी रानी दुर्गावती ने मुगलों से युद्ध कर अपनी शक्ति और वीरता का परिचय दिया था। इसी कड़ी में झाँसी की रानी ने भी अंग्रेजों से लोहा लिया था। उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर एक युगदृष्टा थे, जिन्होंने 20वीं शताब्दी में भारतीय समाज की कमजोरियों और असमानताओं को पहचानकर उन्हें दूर करने के लिए संघर्ष किया।

## क्रिमिनल रिकॉर्ड वाले को बनाया बीजेपी युवा मोर्चा उपाध्यक्ष, पूर्व मंत्री ने उठाए सवाल

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • मध्यप्रदेश में बीजेपी युवा मोर्चा की नई कार्यकारिणी जारी होते ही पार्टी के भीतर ही घमासान शुरू हो गया है। पांच साल के लंबे इंतजार के बाद यह सूची आई है। वहीं, इसने पार्टी में नई मुश्किलें खड़ी कर दी है। 56 सदस्यीय इस कार्यकारिणी में सात उपाध्यक्ष, आठ मंत्री और दो महामंत्री शामिल हैं। नाम घोषित होते ही कई वरिष्ठ नेता नाराज हो गए। पार्टी के भीतर ही सवाल उठने लगे कि चयन किस आधार पर हुआ है।

सबसे बड़ा विवाद धार जिले से उपाध्यक्ष बनाए गए जय सूर्या को लेकर है। पूर्व मंत्री राज्यवर्धन सिंह दत्तीगांव ने आरोप लगाया कि जय सूर्या पर आपराधिक केस दर्ज है। उन्होंने यह भी कहा कि यह नेता पिछले ढाई साल से जिले और विधानसभा क्षेत्र में बिल्कुल निष्क्रिय रहे हैं। इस पर दत्तीगांव रुके नहीं। उन्होंने बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को बाकायदा लिखित पत्र भेजा है। इसमें जय सूर्या समेत कई नामों पर आपत्ति दर्ज कराई गई है। यह पत्र अब पार्टी के भीतर खलबली





का सबब बन गया है। बीजेपी का स्पष्ट निर्देश है कि युवा मोर्चा में सिर्फ 35 साल तक की उम्र के सदस्य ही पद पा सकते हैं। वहीं, इस बार 10 से ज्यादा ऐसे कार्यकर्ताओं को पदाधिकारी बना दिया गया जिनकी उम्र 35 से अधिक बताई जा रही है। जिन नामों पर सवाल उठ रहे हैं उनमें प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल वर्मा, विवेक शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी शोभित नाथ शर्मा और प्रदेश मंत्री श्रुति सिंह शामिल हैं। इन सभी की उम्र 35 साल से ऊपर होने का दावा किया जा रहा है। इन नामों की सूची सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है।

### संगठन की साख पर सवाल

यह विवाद ऐसे वक्त में आया है जब बीजेपी खुद को युवाओं की पार्टी के रूप में पेश करती है। युवा मोर्चा उसी छवि का अहम हिस्सा है। वहीं, इस तरह के चयन विवादों से संगठन की विश्वसनीयता पर सवाल उठता है। पार्टी की गाइडलाइन को नजरअंदाज करने के आरोप गंभीर हैं। वहीं, उम्र सीमा और आपराधिक रिकॉर्ड जैसी बुनियादी शर्तें ही पूरी नहीं होतीं, तो फिर बाकी मानकों पर भरोसा कैसे होगा? यह सवाल अब पार्टी के भीतर जोर से गूंज रहा है। अब देखना यह होगा कि बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व इस मामले में क्या रुख अपनाता है। क्या शिकायत पर कोई कार्रवाई होगी या मामला दब जाएगा?

पूर्व मंत्री राज्यवर्धन सिंह दत्तीगांव ने मीडिया के सामने साफ कहा कि उन्होंने जय सूर्या के गतिविधियों से पार्टी को अवगत करा दिया है। उन्होंने कहा कि अब पार्टी को तय करना है कि इस पर क्या कार्रवाई होगी। दत्तीगांव के अलावा कई और वरिष्ठ नेताओं ने हेमंत खंडेलवाल से व्यक्तिगत तौर पर अपनी नाराजगी जताई है।

मीटिंग से गायब रहना एएचओ को पड़ा महंगा

## निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने पद से हटाया

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • सरकारी दफ्तरों में साहब का वक्त पर न मिलना कोई नई बात नहीं है। कभी मीटिंग से गायब रहना तो कभी घंटों देरी से आना, यह सिस्टम का हिस्सा बन चुका है। अक्सर इन पर डांट पड़ती है या फाइल रुकती है। वहीं, भोपाल में नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने अनुशासन सिखाने का एक बिल्कुल नया और दिलचस्प तरीका निकाला है।

नगर निगम ऑफिस में उस वक्त सन्नाटा छा गया, जब कमिश्नर आईएएस संस्कृति जैन ने बीएमसी मॉनिटर ऐप की स्थिति के बारे में सवाल पूछा। संस्कृति जैन ने पूछा कि जोन-1 ने तो ऐप खोला ही नहीं। एएचओ कहां हैं? यह सुनते ही कमरे में खामोशी फैल गई। सभी की नजरें जोन-1 के एएचओ रविकांत औदिच्य को ढूंढ रही थीं, लेकिन वे कहीं नजर नहीं आए। उनके न होने पर कमिश्नर ने उन्हें तत्काल जोन से हटा कर मुख्यालय अटैच करने के आदेश दे दिए। औदिच्य मीटिंग में लगभग डेढ़ घंटे देर से पहुंचे थे। तब तक तो कमिश्नर के आदेश पहले ही जारी हो चुके थे। देर से आने पर कमिश्नर ने अन्य दो एएचओ पर भी नाराजगी जताई। सजा के तौर पर दोनों को कमिश्नर ने जेब से चाय पिलाने का आदेश दे दिया। जब कमिश्नर ने बीएमसी मॉनिटर ऐप की समीक्षा की तो हैरान कर देने वाली बात सामने आई। जोन-1 के एएचओ और वार्ड प्रभारियों ने तो ऐप खोलना तक जरूरी नहीं समझा। जबकि इसी ऐप के जरिए पूरे शहर में कचरे की निगरानी की जाती है। भोपाल नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने बैठक में कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि किसी भी हालत में मिक्स कचरा नहीं आना चाहिए। सभी छह तरह के कचरे का अलग-अलग सेग्रीगेशन जरूरी रहेगा। तीसरी फेरी में भी कचरा कलेक्शन कम नहीं होना चाहिए। ड्यूटी का समय फिर से सुबह 06 बजे कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि शिकायत आती है तो कार्रवाई होगी। कमिश्नर ने शहर के कचरे में आग लगाते हुए कुछ फोटो भी दिखाई और चेतावनी दी कि ऐसा करने वालों पर स्पॉट फाइन लगाया जाएगा।

# वंदे मातरम विवाद में उमंग सिंघार को पार्टी स्तर पर हो रही देरी नहीं आई रास

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार 14 अप्रैल को इंदौर में हैं। वह पहले डॉ. अंबेडकर जयंती के मौके पर महू गए और श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पहले सीएम मोहन यादव और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी गए थे। इसके बाद सिंघार पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा के यहां उनकी पत्नी के निधन पर शोक व्यक्त करने गए। साथ ही मीडिया से चर्चा की।



इंदौर नगर निगम बजट सत्र में वंदेमातरम नहीं गाने को लेकर फौजिया शेख अलीम ने बयान दिया। उन्होंने कहा कि मैं वंदेमातरम नहीं गाऊंगी। फिर पार्षद रुबीना इकबाल खान ने भी कहा कि किसी के बाप में दम नहीं कि वह जबरदस्ती वंदेमातरम बुलवा सके। कांग्रेस पार्टी जाए भाड़ में। इस मामले में सबसे पहले शहराध्यक्ष इंदौर चिंटू चौकसे का बयान आया। उन्होंने कहा कि रुबीना को निष्कासित करने का पत्र भोपाल भेजा है और उन्हें तो पार्टी से निष्कासित ही मानिए। फौजिया पर कहा कि पार्टी फैसला लेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मामले को ठंडा किया और कहा कि पार्टी को इस बारे में सब कुछ पता है और समय आने पर पार्टी फैसला लेगी। वहीं अब उमंग सिंघार का बयान सामने आया है। उन्होंने इस मुद्दे पर एक लाइन में कहा कि जब इस तरह की बात होती है तो पार्टी को समय पर कार्रवाई करना चाहिए। सिंघार के बयान से संकेत जाता है कि पार्टी स्तर पर कार्रवाई में हो रही देरी उन्हें भी रास नहीं आ रही है।

## वंदेमातरम से ऐतराज, लेकिन भूमिपूजन में मंत्रोच्चार स्वीकार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर नगर निगम के बजट सत्र में वंदेमातरम पर विवादित बोल से कांग्रेस पार्षद रुबीना इकबाल खान उलझी हुई हैं। उनके बोल कि किसके बाप में दम है जो जबरदस्ती वंदेमातरम बुलवा सके और कांग्रेस पार्टी जाए भाड़ में, ने उन्हें उलझा दिया है।

पार्षद ने यह भी कहा था कि हम एक ही अल्लाह की इबादत करते हैं, इसलिए वंदेमातरम नहीं गा सकते हैं। लेकिन उनके पति और पूर्व पार्षद इकबाल खान के एक पुराने वीडियो ने फिर विवाद खड़ा कर दिया है। यह वीडियो कुछ समय पहले भूमिपूजन के दौरान पूजा और मंत्रोच्चार का है, जिसमें पार्षद पति इकबाल खान बैठे हुए हैं।

**हम एक ही अल्लाह को मानते हैं - रुबीना**-रुबीना खान ने बजट सत्र के दौरान वंदेमातरम गान नहीं करने पर कहा था कि- हमारे कुरान में मना है, कुरान में है कि एक अल्लाह के सिवा कोई नहीं है इबादत के लायक। वंदेमातरम में वंदे का मतलब है इबादत करना और मातरम यानी माता की। जब हम एक अल्लाह की इबादत करते हैं तो माता की इबादत क्यों करें, हम अपनी सगी मां की इबादत नहीं करते हैं। यह हुक्म है हमारे लिए।



वहीं अब उनसे जुड़ा एक वीडियो सामने आया है। यह रुबीना इकबाल खान के वार्ड 39 खजराना में विविध कामों के भूमिपूजन का ही है। इस कार्यक्रम के दौरान कामों की शुरुआत के पहले पूजा हो रही है और मंत्रोच्चार का जाप हो रहा है। इस पूजा में महापौर पुष्यमित्र भार्गव के साथ ही विधायक महेंद्र हार्डिया और पार्षद पति इकबाल खान बैठे हैं। साथ ही वार्ड के कई अन्य प्रतिनिधि, कार्यकर्ता मौजूद हैं। इस वीडियो के बाद बीजेपी विधायक और प्रवक्ता उषा ठाकुर व अन्य नेताओं ने कांग्रेस को घेर दिया है। उधर नगर निगम सभापति, बीजेपी पार्षद दल द्वारा कांग्रेस के पार्षद फौजिया शेख अलीम और रुबीना के खिलाफ राष्ट्रगीत अपमान की हुई शिकायत में जांच शुरू हो गई है। इसके लिए सोमवार 13 अप्रैल को एमजी रोड थाना पर पुलिस ने फौजिया को बुलाया। उनके साथ पति शेख अलीम, बेटी व पांच वकील साथ थे। एसीपी विनोद दीक्षित, टीआई विजय सिसौदिया के साथ महिला पुलिस अधिकारी ने उनके बयान लिए। यह पूछताछ पांच घंटे से ज्यादा समय तक चली।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**

सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।